दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



7 हजार करोड़ पार हुई धुरंदर.......

एलिजाबेथ के किरदार में ........

वर्ष : 12 | अंक : 08 | लखनऊ, 30 दिसम्बर, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## गुवाहाटी में गरजे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# असम ही नहीं पूरे देश में बांग्लादेशी घुसपैठियों की करेंगे पहचान


## असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम के एक दिन के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। शाह ने पहले असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान बटाद्रवा का उद्घाटन किया। बटाद्रवा को 227 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पवित्र मार्गेरिटा और राज्य के संस्कृति मंत्री बिमल बोरा मौजूद रहे। दौरे की शुरुआत गुवाहाटी में 'शहीद स्मारक क्षेत्र' में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह



अमित शाह ने 'ज्योति-बिष्णु अंतर्जातिक कला मंदिर' का उद्घाटन किया

### 291 करोड़ की लागत से तैयार नया सभागार

शाह ने असम के गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े सभागार 'ज्योति-बिष्णु अंतर्जातिक कला मंदिर' का उद्घाटन किया। 291 करोड़ की लागत से निर्मित इस सभागार में 5,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है और 14.85 एकड़ भूमि में स्थापित परिसर का हिस्सा है। शाह ने गुवाहाटी पुलिस आयुक्त कार्यालय के 111 करोड़ की लागत से निर्मित नए भवन और शहर के लिए 2,000 सीसीटीवी कैमरों वाली निगरानी प्रणाली का उद्घाटन किया।

### एक लाख बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

बोरदुरवा में अमित शाह ने कहा, वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव ने 'एक भारत' का आह्वान किया था, जिसका अब पीएम नरेंद्र मोदी पालन कर रहे हैं। शाह ने दावा किया कि सरमा सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से 1 लाख बीघा से ज्यादा जमीन खाली करवाई है। हम न सिर्फ असम से बल्कि पूरे भारत से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करेंगे।

### कांग्रेस घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने इतने वर्षों तक राज किया, लेकिन उसने असम आंदोलन में जान देने वालों के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी वर्षों तक घुसपैठियों को आगे बढ़ाती रही और 1983 में आईएमडीटी एक्ट लाकर उन्होंने घुसपैठियों को यहां बसने का कानूनी रास्ता बनाया।

### संत शंकरदेव के जन्मस्थल का उद्घाटन किया

बटाद्रवा पहुंचने पर गृह मंत्री का 'गायन-बयान' (गायक और ढोल वादक) द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। शाह ने संत शंकरदेव के जन्मस्थल का पुनर्विकास के बाद उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद शाह केंद्रीय भवन में भी गए जहां 'गुरु आसन' (पूजनीय संत की सीट) रखी है। सीएम सरमा ने कहा कि यह परियोजना महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की विरासत का सम्मान करते हुए पूरी की गई है।

### तीन दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल पहुंचे

गृह मंत्री शाह पश्चिम बंगाल के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार रात कोलकाता पहुंचे। वह अगले साल राज्य में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। 30 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री मीडिया से बातचीत करेंगे। इसके अलावा वह मध्य कोलकाता स्थित इस्कॉन मंदिर और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय का दौरा करेंगे, जहां वे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। अपने दौरे के अंतिम दिन 31 दिसंबर को अमित शाह कोलकाता में आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |


### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 82,530.74 |
| निफटी | 25,062.10 |

## खबर संक्षेप

### 4 नाबालिगों ने प्रवासी मजदूर पर किया हमला

चेन्नई। तमिलनाडु पुलिस ने चेन्नई के पास एक प्रवासी मजदूर पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में चार किशोरों को गिरफ्तार किया है। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें ट्रेन के अंदर एक प्रवासी मजदूर को परेशान करने और हमला करते हुए दिखाया गया।




### टाटानगर-एर्नाकुलम ट्रेन में आग, 1 की मौत

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश में यहां से 66 किलोमीटर दूर यलमंचिली के पास टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 45 मिनट पर मिली। पुलिस ने बताया कि प्रभावित डिब्बों में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री सवार थे।



### मुंबई में बस ने कुचला 4 की मौत, 9 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई मुंबई के भांडुप (पश्चिम) इलाके में स्टेशन रोड पर रिवर्स हो रही बेस्ट बस ने कई पैदल यात्रियों को कुचल दिया। इस भीषण दुर्घटना में 3 महिलाओं समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रात करीब 10 बजे उस वक्त हुआ।



## अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया

# अपने ही फैसले पर पर लगाई रोक केंद्र सरकार से मांगा स्पष्ट 'जवाब'

### कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया

सोमवार को अवकाश पीठ में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई 21 जनवरी को होगी


अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



अरावली खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने पुराने फैसले पर रोक लगा दी। सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि इस मामले में स्पष्टीकरण जरूरी है। बता दें कि कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की परिभाषा नए सिरे से तय किए जाने के इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 20 नवंबर के फैसले में दिए गए निर्देशों को स्थगित रखा जाएगा। अपने आदेश में अदालत ने कहा, इसमें कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर स्पष्टीकरण आवश्यक हैं। सोमवार को अवकाश पीठ में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिलाकर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव भी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले में आगे की सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

**20** नवंबर के फैसले में दिए निर्देशों को स्थगित रखा

**21** जनवरी को होगी मामले में आगे की सुनवाई



अरावली पहाड़ियां और सुप्रीम कोर्ट

### केंद्रीय मंत्री यादव ने फैसले का किया स्वागत



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले और मुद्दों का अध्ययन करने के लिए एक नई कमेटी बनाने के निर्देशों का स्वागत करते हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट के इस नई समिति को हर जरूरी सहयोग देगा। उन्होंने कहा कि अभी भी अरावली क्षेत्र में नई खनन लीज देने या पुरानी लीज को नवीनीकरण करने पर पूरी तरह रोक जारी रहेगी। सरकार अरावली पहाड़ियों की सुरक्षा और दोबारा सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### कांग्रेस ने फैसले को उम्मीद की किरण बताया



कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। पार्टी ने केंद्र सरकार और खास तौर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पर हमला बोलते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उम्मीद की एक किरण है।

### ठाकरे ने स्थाई राहत की जताई उम्मीद



शिवसेना (उबाठा) के नेता आदित्य ठाकरे ने फैसले का सोमवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह राहत बहुत बड़ी है, लेकिन इसे स्थायी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भी जरूरी है कि लोग अरावली पहाड़ी के सुरक्षित होने के बारे में फैलाई जा रही गलत सूचना के झांसे में न आएं। अरावली पर्वतमाला के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय का स्थगन आदेश एक बड़ी लेकिन अस्थायी राहत है। इस पर स्थायी मुहर लगना चाहिए।

### 24 दिसंबर को जारी हुए थे नए निर्देश


24 दिसंबर को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नए निर्देश जारी किए थे। इनमें केंद्र सरकार ने कहा है कि नए खनन के लिए मंजूरी देने पर रोक संपूर्ण अरावली क्षेत्र पर लागू रहेगी। इसका उद्देश्य अरावली रेंज की अखंडता को बचाए रखना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली का संरक्षण करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

### आईसीएफआरई बना रही थी योजना

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (आईसीएफआरई) से कहा गया है कि पूरे अरावली क्षेत्र में ऐसे अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां पर खनन पर रोक लगनी चाहिए। यह उन क्षेत्रों के अतिरिक्त रहे, जहां पर केंद्र ने पहले से खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है।

## त्रिपुरा के छात्र एंजेल की हत्या का मामला

# सीएम धामी बोले- आरोपियों को सख्त सजा दिलाकर रहेंगे



मृतक एंजेल चकमा



सीएम धामी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की देहरादून में हुई हत्या के बाद उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उसके पिता तरुण प्रसाद चकमा से फोन पर बातचीत की और उन्हें उनके बेटे के आरोपियों को सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया। धामी नेएंजेल की हत्या पर दुःख व्यक्त किया और कहा कि इस घटना से वह व्यक्तिगत तौर पर दुखी हैं। सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिगों समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी यज्ञराज अवस्थी, जो नेपाल का रहने वाला है, अभी फरार है। उस पर 25,000 रुपए का इनाम रखा गया है। उसे भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सरकार पीड़ित परिवार के संग

सीएम धामी ने कहा कि घटना के संबंध में उनकी त्रिपुरा के सीएम डॉ. माणिक साहा के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी बात हुई है। धामी ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि परिवार की सहायता के लिए वह डॉ. साहा से बातचीत करेंगे और साथ ही उत्तराखंड सरकार भी परिवार की हर संभव सहायता करेगी। यहां के एक निजी विश्वविद्यालय में एमबीए अंतिम वर्ष के 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा को नौ दिसंबर को कुछ युवकों द्वारा कथित तौर पर चाकू और कड़े से वार कर गंभीर रूप रूप से घायल कर दिया गया था। अस्पताल में 17 दिन तक भर्ती रहने के बाद 26 दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी।

### भाजपा राज में नफरत सामान्यः राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एंजेल चकमा की हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने नफरत को सामान्य बना दिया है, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। देहरादून में एंजेल चकमा और उनके भाई माइकल के साथ जो हुआ, वह नफरत का एक भयावह उदाहरण है। वहीं, राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि वे नफरत भरे अपराधों के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने यह भी कहा कि इसकी भी जांच होनी चाहिए कि पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने में 12 दिन क्यों लगे?




## संदीप दीक्षित का हुआ राजनीतिक पुनर्वास

# मिली 'रचनात्मक कांग्रेस' की कमान, लोगों से संवाद करेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक स्तर पर एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए संदीप दीक्षित को रचनात्मक कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इससे पहले यह इकाई आउटरीच सेल के नाम से जानी जाती थी। पूर्वी दिल्ली के सांसद, सीएम रहीं शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित का लंबे समय के बाद राजनीतिक पुनर्वास हुआ है। अब उन्हें एक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी देकर उनके नेतृत्व को कसौटी पर कसने का काम शीर्ष नेतृत्व ने किया है। रचनात्मक कांग्रेस को एक समर्पित मंच के रूप में विकसित करने का निर्णय शीर्ष नेतृत्व ने लिया है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों से सार्थक संवाद स्थापित करना है।



## आयुष दवाओं की गुणवत्ता पर कदम

# 108 लैब्स को मिली जांच की मंजूरी, कार्यक्षमता की मजबूत


अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया है कि देशभर में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी दवाओं की गुणवत्ता जांच के लिए 108 प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी गई है। ये सभी लैब्स ड्रग्स रूल्स, 1945 के प्रावधानों के तहत स्वीकृत या लाइसेंस प्राप्त हैं। उन्होंने बताया कि 34 राज्य स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैब्स को उनके इंफ्रास्ट्रक्चर और कार्यक्षमता को मजबूत करने के लिए सहयोग दिया गया है। इसके साथ ही सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंसेज के तीन क्षेत्रीय शोध संस्थानों को भी ड्रग्स रूल्स, 1945 के तहत मंजूरी मिली है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी दवाओं की निगरानी के लिए फार्मा को विजिलेंस प्रोग्राम लागू किया गया है जो केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।



## नए साल पर 'बजरंग सेतु' की सौगात

### 100 साल पुराने ऋषिकेश लक्ष्मण झूला पुल की लेगा जगह



ऋषिकेश। उत्तराखंड में नए साल की शुरुआत के साथ ही ऋषिकेश के लोगों और देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों व पर्यटकों को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। यह सेतु 1929 में बना ऐतिहासिक लक्ष्मण झूला की जगह लेगा। गंगा नदी पर निर्माणाधीन अत्याधुनिक बजरंग सेतु को जल्द ही आम जनता के लिए खोलने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार, पुल का निर्माण कार्य 26 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 132 मीटर लंबे इस आधुनिक सस्पेंशन ब्रिज की निर्माण लागत लगभग 68 करोड़ रुपए है।

## पुलिस आरक्षी और जेल वार्डर भर्ती परीक्षा में नहीं होगी निगेटिव मार्किंग

### कैबिनेट बाई सकुर्लेशन से नियमावली को मिली मंजूरी

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने पुलिस आरक्षी व जेल वार्डर की भर्ती परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था खत्म कर दी है। इसके लिए सरकार ने सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सेवा (चतुर्थ संशोधन) नियमावली-2025 व उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के जेल वार्डर संवर्ग सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली-2025 को कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के जरिये स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके अलावा सुलतानपुर की तहसील बल्दीराय के राजस्व निरीक्षक क्षेत्र के सरायगोकुल एवं मयंग गांव को सदर तहसील में शामिल किया जाएगा। राजस्व परिषद के इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट बाई सकुर्लेशन के जरिये हरी झंडी मिल गई। चौथे प्रस्ताव के रूप में विधान सभा व विधान परिषद के शीतकालीन सत्र के सत्रावसान को स्वीकृति दी गई है।

# कक्षा 9 के छात्र और उसकी मित्र पर जानलेवा हमले का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में कक्षा 9 के एक छात्र और उसकी मित्र के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने इसे सुनियोजित जानलेवा हमला बताया है, जबकि पुलिस इसे सड़क दुर्घटना मानते हुए जांच कर रही है। दोनों घायलों का इलाज एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

आश्रय कॉलोनी, एल्डिको उद्यान-2 निवासी मनोज कुमार रिन्सर के अनुसार उनका बेटा रुशील चौधरी, जो रजनी खंड आशियाना स्थित एक आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 का छात्र है, 25 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे घर से निकला था। उसने बताया था कि उसके सहपाठी निखिल का फोन आया है और वे लोग घूमने जा रहे हैं। देर शाम तक जब रुशील घर नहीं लौटा तो परिजनों ने संपर्क किया। इसी दौरान एक युवती ने फोन उठाकर बताया कि रुशील का एक्सीडेंट हो गया है और उसे एपेक्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा रहा है।



### होश में आने पर लगाए गंभीर आरोप

पीड़ित पिता का कहना है कि होश में आने के बाद रुशील ने बताया कि वह निखिल, समर्थ, क्लास की फ्रेंड मानसी सिंह और उसकी मित्र सीजा के साथ प्लासियो मॉल गया था। वहां पार्टी और घूमने के बाद शाम को अचानक निखिल और समर्थ ने जाति सूचक गालियां देते हुए धारदार हथियार और लोहे की रॉड से उसके चेहरे, सिर और गले पर जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी गर्लफ्रेंड मानसी सिंह को भी बेरहमी से पीटा गया। दोनों को मरा हुआ समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए।

### रेलवे ओवरब्रिज पर हमले का दावा

परिजनों के अनुसार यह घटना सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर-16 वृंदावन योजना स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर हुई। हमले में रुशील के सिर, मुंह और गले में गंभीर चोटें आई हैं, बायां हाथ फ्रैक्चर है। वहीं मानसी सिंह के सिर में गहरी चोट है और वह अब तक बेहोश बताई जा रही है। सीजा को भी चोटें आई हैं।

### पुलिस का पक्ष

इस मामले में इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र सिंह का कहना है कि पीड़ित और आरोपी सभी नाबालिग हैं। पुलिस को प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच में सामने आया है कि रुशील अपनी मित्र सीजा के साथ एक ही बाइक पर था और ओवरस्पीड के कारण बाइक अनियंत्रित होकर रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग से टकरा गई, जिससे दोनों घायल हुए। पुलिस का दावा है कि इसके बाद दोस्तों को फंसाने की साजिश रची जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों, टेंपो चालक, घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों, साथ मौजूद युवती सीजा और अन्य साथियों से पूछताछ की जा रही है। सभी तथ्यों की जांच के बाद ही मुकदमा दर्ज कर न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़ित परिवार का आरोप

पीड़ित पिता का आरोप है कि पुलिस उनकी तहरीर के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है, जबकि उनके बेटे और उसकी मित्र पर जानलेवा हमला किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और मेडिकल रिपोर्ट व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## यूपी में उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

### थर्ड पार्टी से जांच कराने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। कहा है कि प्रदेश में अब तक लगाए गए 56 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटरों में से महज 34.32 लाख स्मार्ट मीटरों का साइट स्वीकृति परीक्षण (साइट एक्सेप्टेंस टेस्ट) हुआ है। 21.68 लाख मीटर बिना टेस्ट के ही उपभोक्ता परिसर में लगे हैं। ऐसे में यह दावा करना कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर सही तरीके से काम कर रहे हैं, गलत है। सभी मीटरों की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी से जांच कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा है कि देश के अन्य राज्यों में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की गुणवत्ता की गहन जांच की जा रही है, जबकि प्रदेश में केवल मीटर लगाने के फरमान जारी किए जा रहे हैं। जिन स्मार्ट प्रीपेड मीटरों का टेस्ट हो चुका है, यदि उनकी थर्ड पार्टी से जांच कराई जाए तो बड़े पैमाने पर तकनीकी खामियां सामने आएंगी। आरोप लगाया है कि मीटर निमार्ता कंपनियां साठगांठ के जरिए अपने मीटरों को टेस्ट पास करा रही हैं, जिससे उनका भुगतान शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि 22 दिसंबर तक प्रदेश में लगभग 56.82 लाख स्मार्ट प्रीपेड लगाए जा चुके थे। जिसमें से लगभग 37.43 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही प्रीपेड मोड में बदला गया है। केंद्र सरकार के स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट के मुताबिक सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों का टेस्ट किया जाना अनिवार्य है। इस जांच के बाद ही यह प्रमाणित किया जा सकता है कि मीटर सभी तकनीकी मानकों पर सही हैं।

## यूपी में तीन माह में दो हजार करोड़ रुपये से ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर होंगे तैयार

### कामों में तेजी लाने के निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। नाबार्ड की मदद से ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अगले तीन माह में दो हजार करोड़ रुपये और खर्च किए जाएंगे। यह निर्णय सोमवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में नाबार्ड के ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआइडीएफ) से वित्त पोषित परियोजनाओं से संबंधित वित्तीय वर्ष 2025-26 की हाई पावर कमेटी की बैठक में हुआ। मुख्य सचिव ने सभी विभागों एवं नाबार्ड को आपसी तालमेल बढ़ाकर विभिन्न कार्य बिंदुओं पर संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। नाबार्ड द्वारा गत वर्षों में किए गए कार्यों की सराहना की। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में तीन हजार करोड़ रुपये के वितरण लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत विभाग पशु चिकित्सालय, लघु सिंचाईं, स्कूल, अस्पताल व ग्रामीण सड़क जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास करा सकते हैं। नौ माह में विभिन्न विभाग 955 करोड़ रुपये ही खर्च कर सके हैं। तीन माह में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कहा गया है कि नाबार्ड और कार्यदायी विभाग मिलकर डिजिटलीकरण पर तेजी से कार्य करें, जिससे परियोजनाओं की स्वीकृति, प्रतिपूर्ति दावे एवं परियोजना पूर्णता प्रमाणपत्र शीघ्रता से आरआईडीएफ वेब पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। मुख्य सचिव ने आरआईडीएफ ऋण पात्रता, न्यूनतम परियोजना आकार व नई वितरण प्रणाली में नाबार्ड की ओर से किए गए बदलावों की जानकारी दी। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान समेत कई अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।



## जर्जर स्कूल की दीवार गिरने से मलबे में दबने से मजदूर की मौत

### जर्जर दीवार भरभराकर गिरी, काम कर रहे मजदूरों में मची अफरा-तफरी

**मलिहाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**बिना सुरक्षा इंतजाम के ढहाए जा रहे जर्जर भवन, मजदूरों की जान से खिलवाड़**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। ठेकेदार की लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी ने एक और मजदूर की जिंदगी छीन ली। उन्नाव जनपद के औरास थाना क्षेत्र के टिकरा बाव गांव में सोमवार सुबह नीलाम हुए सर्जरी प्राथमिक स्कूल के जर्जर भवन को तोड़ते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। भवन की कमजोर दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी, वहीं नीचे दबकर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में घायल मजदूर की पहचान औरास के हसनपुर पश्चिम बाव गांव निवासी सुशील मौर्य (25) के रूप में हुई। सुशील अपने गांव के तीन अन्य मजदूरों के साथ भवन तोड़ने का काम कर रहा था। दीवार गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मजदूरों और ग्रामीणों ने किसी तरह मलबे में दबे सुशील को बाहर निकाला और आनन-फानन में उसे मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। सुशील अपने माता-पिता का इकलौता सहारा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की मां सोनेश्वरी और चार बहनें–सुशीला, शशि, कोमल और संध्या–का रो-रोकर बुरा हाल है। बहनें अपने भाई की तस्वीर सीने से लगाए बेसुध हैं। घर के आंगन में पसरा सन्नाटा और उठती सिसकियां हर किसी की आंखें नम कर रही हैं। मां सोनेश्वरी का कहना है कि यदि भवन तोड़ने के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होते, तो आज उनका लाल जिंदा होता। यह हादसा एक बार फिर सवाल खड़े करता है कि नीलाम और जर्जर भवनों को गिराने के दौरान मजदूरों की सुरक्षा को क्यों नजरअंदाज किया जाता है, और ऐसी लापरवाही की कीमत आखिर मजदूरों को अपनी जान देकर क्यों चुकानी पड़ती है। यह हादसा सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर सवाल है, जिसमें गरीब मजदूर की जान की कीमत कुछ नहीं मानी जाती। एक पल की लापरवाही ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और पीछे छोड़ गया सिर्फ आंसू, दर्द और जिंदगी भर का खालीपन।



मृतक सुशील फाइल – फोटो



मलबे में तब्दील दीवार, जांच करती पुलिस

## बस ने ऑटो को मारी टक्कर पलटने से एक यात्री घायल....



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के फत्तेखेड़ा गांव के पास हाइवे पर शुक्रवार को तेज रफ्तार अज्ञात बस ने एक ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गया हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा दुर्घटनाग्रस्त ऑटो संख्या यूपी 32 ईएन 1662 में अनिल कुमार गुप्ता पुत्र महादेव प्रसाद गुप्ता तथा राकेश दीक्षित पुत्र स्व.कमलाकांत दीक्षित निवासी गढ़, संजय गांधी मार्ग, थाना कृष्णा नगर लखनऊ सवार थे। हादसे में राकेश दीक्षित को गंभीर चोटें आईं जबकि अन्य सवार सुरक्षित बच गए घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत स्थिर बताई सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया टक्कर मारने वाली बस चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया पुलिस अज्ञात बस की तलाश में जुटी है तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा तहरीर मिलने पर मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मलिहाबाद में एयरटेल टॉवर पर धावा, चोर ले उड़े दो लाख का सामान

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के मुजासा गांव के पास स्थित एयरटेल मोबाइल टॉवर में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर पावर प्लांट समेत टॉवर से सैकड़ों मीटर के केबिल और अन्य कीमती उपकरण चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है।

### टॉवर बंद होते ही टेक्नीशियन को हुआ शक

टॉवर बंद होने की सूचना मिलने पर गोमती नगर लखनऊ निवासी एवं टॉवर पर कार्यरत टेक्नीशियन अनुभव यादव ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तुरंत मलिहाबाद पुलिस को सूचना दी। अनुभव यादव के अनुसार, रात करीब साढ़े बारह बजे अचानक टॉवर की सेवाएं ठप हो गई थीं।

### पुलिस पहुंची, लेकिन चोर हो चुके थे फरार

सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और आसपास घेराबंदी की गई, लेकिन घना अंधेरा होने का फायदा उठाकर चोर पहले ही फरार हो चुके थे।


### मौके से बाइक बरामद, जांच में जुटी पुलिस

घटनास्थल से पुलिस ने एक बाइक बरामद की है, जिसे चोरों की बताई जा रही है। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है और बाइक के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## नगर निगम की संयुक्त टीम ने अवैध कब्जों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर तहसील प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर बिजनौर व सरसवां क्षेत्रों में अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान लाखों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसीलदार सरोजनी नगर सुखवीर सिंह ने बताया कि बिजनौर गांव स्थित नवीन परती गाटा संख्या 13, रकबा 0.145 हेक्टेयर भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्र में रेडीमेड बाउंड्री वॉल बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया था। मामले की सूचना मिलने पररर विवार को बिजनौर थाने की पुलिस फोर्स बुलाई गई। इसके बाद तहसील सरोजनी नगर एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने नगर निगम लेखपाल अनुपम कुमार की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से अवैध बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर भूमि को खाली करा लिया गया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये है है। इसके अलावा सरसवां क्षेत्र में चक रोड में दर्ज सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। यहां बनाई गई अवैध बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर चक रोड की भूमि को मुक्त करा लिया गया। जिसकी कीमत भी लाखों रुपये में आंकी गयी है। तहसीलदार ने कहा कि तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## लखनऊ विधान सभा में दहाड़ेगा ब्रज का शेर

**अमन लेखनी समाचार**

**विकसित भारत युवा संसद में विशाल शर्मा प्रथम, मथुरा का बढ़ाया मान**

मथुरा। ग्राम भिदौनी, जिला मथुरा निवासी विशाल शर्मा ने विकसित भारत युवा संसद में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ अब वे लखनऊ विधान सभा में मथुरा जनपद की आवाज बनेंगे। क.ड.ढ. वृंदावन के छात्र एवं ठं३ड्ड्ल्लंह्व री१५्री रूँ (ठरर) के स्वयंसेवक विशाल शर्मा ने प्रतियोगिता में अपने ओजस्वी वक्तव्य, राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों और प्रभावी प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। जिलेभर से आए प्रतिभागियों के बीच उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल कर ब्रज क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें सांसद कोली जी, उमाशंकर जी (जिला जज), जनार्दन शर्मा जी (सांसद उपनिधि, मथुरा), पूर्व उऊड, इरअ कॉलेज के प्राचार्य सहित अन्य प्रशासनिक एवं शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विशाल शर्मा की सफलता से जिले में हर्ष का माहौल है। स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने इसे मथुरा के लिए गर्व का क्षण बताया। लोगों का कहना है कि लखनऊ विधान सभा में उनका प्रतिनिधित्व मथुरा व ब्रज क्षेत्र के युवाओं की आकांक्षाओं को सशक्त मंच देगा। सम्मान प्राप्ति के बाद विशाल शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि मथुरा जिले के हर उस युवा की है जो विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे विधान सभा में जिले की समस्याओं, संभावनाओं और युवाओं की सोच को पूरी मजबूती से रखेंगे।




## पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में दावे-आपत्तियों का आखिरी मौका आज, 6 फरवरी को होगा अंतिम सूची का प्रकाशन

लखनऊ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की पुनरीक्षित मतदाता सूची में दावे और आपत्तियों के लिए मंगलवार को अंतिम मौका है। 31 दिसंबर से छह जनवरी तक इनका निस्तारण किया जाएगा। छह फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया था। आयोग के अनुसार पंचायत चुनाव की मतदाता सूची के वृहद पुनरीक्षण अभियान में कुल 1.81 करोड़ नए नाम जोड़े गए हैं। जबकि 1.41 करोड़ के नाम सूची से काटे गए हैं। इसके बाद मतदाताओं की संख्या वर्ष 2021 के 12.29 करोड़ के मुकाबले बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई है।

## डीजल से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा, बड़ा हादसा होते-होते टला

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शहीद पथ पर सोमवार शाम करीब पांच बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अमौसी डिपो से देवा, बाराबंकी की ओर जा रहा डीजल से भरा एक तेज रफ्तार टैंकर (यूपी 32 पीएन 1968) ट्रांसपोर्ट नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास अचानक अनियंत्रित होकर शहीद पथ की रेलिंग तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया। आनन फानन राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही सरोजनी नगर फायर स्टेशन की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर कानपुर रोड से रायबरेली की ओर जाने वाली पटरी का यातायात रोक दिया गया, जिससे करीब आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा और जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने टैंकर के आसपास घेराबंदी कर क्रेन की मदद से उसे डिवाइडर से हटवाया। तब यातायात संचालित किया गया। वहीं गनीमत रही कि टैंकर पलटने से बच गया, नहीं तो डीजल लीक होने से आग लगने के साथ बड़ी घटना हो सकती थी। आसपास के लोगों के मुताबिक कुछ ही देर पहले शहीद पथ की रेलिंग पर पेंटिंग का कार्य कर रहे मजदूर वहां से छुट्टी कर चले गए थे। यदि हादसे के समय मजदूर मौके पर होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं पुलिस और फायर टीम की मानें तो शुरूआती जांच में पता चला है कि टैंकर का अगला पहिया अचानक फटने से वह डिवाइडर पर चढ़ गया था। फिलहाल इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।



## निगोहां प्रेस क्लब ने सेमीफाइनल में मारी शानदार एंट्री......

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। निगोहां में आयोजित डॉ. पी.सी. मिश्रा क्रिकेट टूनार्मेंट सोमवार को रोमांच और जोश से भरपूर रहा टूनार्मेंट के तहत एक लीग मैच और एक क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें निगोहां प्रेस क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि एशिया के सबसे लंबे व्यक्ति 8 फुट 2 इंच धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अजय सिंह पूर्व प्रधान निगोहां द्वारा टॉस कराकर किया गया उनकी मौजूदगी से खिलाड़ियों में खास उत्साह देखने को मिला पहला लीग मुकाबला निगोहां प्रेस क्लब और अयोध्या रूदौली आरएनसी के बीच खेला गया टॉस जीतकर रूदौली आरएनसी ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया लेकिन निगोहां प्रेस क्लब के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 177 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा कर दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी अयोध्या रूदौली आरएनसी की टीम 105 रन बनाकर 11 ओवर में ऑलआउट हो गई इस तरह निगोहां प्रेस क्लब ने 71 रनों से बड़ी जीत दर्ज कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया इस मुकाबले में मो. सैफ ने 26 गेंदों में 46 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके और मैन ऑफ द मैच बने इसके बाद खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में निगोहां प्रेस क्लब का सामना नवीन इलेवन एकादशी से हुआ नवीन इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया बल्लेबाजी करते हुए निगोहां प्रेस क्लब की टीम ने एक बार फिर दमदार खेल दिखाया और 15 ओवर में 170 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा जवाब में नवीन इलेवन एकादशी की टीम 120 रन बनाकर 13 ओवर में ही ऑलआउट हो गई इस मैच में भी मो.सैफ ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 31 रन बनाए और 4 विकेट झटके जिसके चलते उन्हें लगातार दूसरी बार मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया वही । इस कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अजय सिंह पूर्व प्रधान निगोहां, दर्शकों में विकास सिंह, योगेश बाजपेयी, पंकज मिश्रा, अंशुल त्रिवेदी, अंकुर त्रिवेदी, अनुज त्रिवेदी, पंकज द्विवेदी, शैलेन्द्र सिंह, अंकित मिश्रा, सहित सैकड़ों की संख्या के दर्शक मौजूद थे। वही पूरे टूनार्मेंट के दौरान निगोहां प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष मोइन खान, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा उमेश गुप्ता राघवेंद्र सिंह अशोक मिश्रा फहीम खान शेर खान आरिफ मंसूरी चांद खान सुजीत गुप्ता सुनील त्रिवेदी सुनील गुप्ता, आरिफ खान, सहित दर्जनों पत्रकार साथी मैदान में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय खेल प्रेमी भी मौजूद रहे निगोहां प्रेस क्लब की इस शानदार जीत से क्षेत्र में खेल भावना अनुशासन और पत्रकार एकजुटता का प्रेरणादायी संदेश गया।



## संक्षेप

### नव निर्मित खेल मैदान का विधायक ने फीता काट कर किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज मनरेगा योजना के तहत निर्मित खेल के मैदान का लोकार्पण भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल ने सोमवार को फीता काट कर किया ।इस मौके भारी संख्या में नवयुवकों की मौजूदगी देखी गई।

ग्रामीण युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए शासन के निर्देश पर पंचायतों में खेल के मैदान बनाए जा रहे है ।जिसके तहत विकास खंड सिकंदरपुर कर्ण के ग्राम पंचायत टिकौली में मनरेगा योजना से दो बीघा जमीन पर नव लाख निन्यानबे हजार चार सौ की लागत से बनाए गए खेल के मैदान का लोकार्पण किया गया ।खेल के मैदान का फीता काट कर युवाओं को सौंपते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार नवयुवकों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए गांव गांव खेल के मैदान बनवा रही है ।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी फहद खान,शैलेन्द्र शुक्ला,प्रधान राम जी,धीरेन्द्र रावत,राजन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### सर्व सनातन समिति ने गरीबोश्वर मंदिर-निर्माण का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करोवन मे सोमवार को ग्राम अवस्थी खेड़ा करोवन स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने गरीबोश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल देखने को मिली ।सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया गया, जिसे विधिवत रूप से धार्मिक अनुष्ठान के साथ प्रारंभ किया गया ।इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सतीश शुक्ला अपने पदाधिकारियों के साथ मंदिर परिसर में पहुंचे और धूमधाम से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। पूजन के पश्चात मंदिर के विकास और संरक्षण को लेकर समिति ने अपना संकल्प दोहराया ।कार्यक्रम में सम्मानित ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कई पौधे भी रोपे गए ।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला, प्रदेश युवा अध्यक्ष रत्नेश त्रिपाठी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मंत्री हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष संतोष अवस्थी, किसान सेवा समिति सदर विधानसभा अध्यक्ष अमोल अवस्थी, सदर विधानसभा मंत्री अमित कुमार शर्मा, महादेव मिश्रा, संजय सोनकर, बृजमोहन, मुन्ना तिवारी, दुलीचंद, पप्पू अवस्थी, संतोष पान वाले, अमित, शिवम अग्निहोत्री, पुत्तू माली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शराब ठेके के सेल्समैन की गोली मारकर हत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सोमवार दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया शराब ठेके पर कार्यरत सेल्समैन की अज्ञात हमलावरों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गयी घटना की सूचना पर एसपी, एडिशनल एसपी उत्तरी सीओ बांगरमऊ एसओजी के साथ फोरेंसिक टीम पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना किया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

औरास थाना क्षेत्र के बडा देव गांव निवासी सुधीर प्रजापति (35) पुत्र रामलखन आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा कुरसठ स्थित एक शराब ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्य करता था परिजनों के अनुसार सुधीर पिछले करीब दस दिनों से घर नहीं आया था वह शराब ठेका पर ही रहता था

सोमवार सुबह करीब 11 बजे सुधीर अपनी बाइक से कुरसठ से अपने घर बड़ा देव जाने के लिए निकला था जैसे ही वह पहाड़पुर से शरीफाबाद संपर्क मार्ग पर स्थित गांव बीजीमऊ के पास पहुंचा था तभी एक अज्ञात युवक ने हाथ देकर रोक लिया और पीछे से आए बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उसे घेर कर बेहद करीब से सुधीर के सिर में गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे

घटना की सूचना मिलते ही थाना आसीवन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटनास्थल को सील कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी सूचना पर पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ संतोष सिंह तथा बांगरमऊ कोतवाली निरीक्षक अखिलेश चंद्र पाण्डेय भी मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए

पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है हत्या के पीछे किन कारणों का हाथ है इस पर अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है सभी संभावित एंगल से जांच की जा रही है आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मृतक के संपर्कों की जानकारी भी जुटाई जा रही है

परिजनों के अनुसार सुधीर का विवाह वर्ष 2018 में शीतल से हुआ था उसका एक चार वर्षीय पुत्र है सुधीर ही परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था उसकी हत्या की खबर मिलते ही पत्नी शीतल, मां रामपती और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है गांव बड़ा देव में मातम पसरा हुआ है

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश या किसी निजी विवाद से जुड़ा हो सकता है पुलिस प्रेम प्रसंग के एंगल पर भी जांच कर रही है हालांकि अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है पुलिस का दावा है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**मृतक सुधीर घर का अकेला था एक बहन सुधा है मृतक की शादी लखनऊ के मलिहाबाद के गदिया खेडा गांव में वर्ष 18 में हुई थी मृतक का पत्नी से अनबन चल रही थी जिस पर तीन साल पहले पत्नी बच्चे को लेकर मायका चली गयी और वहीं रहती है दोनों का अदालत में मुकद्दमा चल रहा है।**

# मीडिया चैंपियनशिप प्रतियोगिता का किया गया भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। प्रथम मीडिया चैंपियनशिप का स्थानीय महात्मा गांधी इंटर कालेज में भव्य आयोजन किया गया जिसमें 8 जनपदों के मीडिया कर्मियों ने भाग लिया जहां बैडमिंटन में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग में प्रत्यूष वर्मा विजेता तथा सुभाष राठौड़ उपविजेता रहे वहीं 31 से 45 वर्ग आयु वर्ग में विमान गुप्ता विजेता अमन पाल उपविजेता रहे तथा 46 से 60 वर्ग में वैभव द्विवेदी विजेता एवं 61 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में अवधेश कुमार विजेता रहे वही रस्सा कशी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम टीम ने गोल्ड मेडल जीता जिसमें राजू श्रीवास्तव मुकेश श्रीवास्तव नीरज तिवारी नाना सिंह एवं रामजी गुप्ता रहे वही उपविजेता टीम कमलेश गुप्ता नागेन्द्र सिंह सेंगर राजू ब्रह्मचारी हरपाल सिंह हुआ दीपू रहे गुलाब फेंक प्रतियोगिता में आमिर ने 7 मीटर 70 सेंटीमीटर गोला फेक पहला स्थान प्राप्त किया वहीं धर्मेंद्र सिंह नन्हा ने 6 मीटर 10 सेंटीमीटर गोला फेंक का तीसरा स्थान वह अभिनव शर्मा ने 10 मीटर 20 सेंटीमीटर गोला फेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया वही 4560 वर्ग आयु में 200 मीटर दौड़ में धर्मेंद्र सिंह नन्हा ने प्रथम स्थान रामजी गुप्ता ने द्वितीय स्थान व नीरज तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया राजू ब्रह्मचारी और रमाकांत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे स्टैंडिंग ब्रॉड जंप में पुष्पेंद्र शर्मा लखनऊ ने प्रथम व अभिषेक सिंह सागर उन्नाव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही शतरंज प्रतियोगिता में शशिकांत मिश्रा ने प्रथम स्थान व हर्ष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया शतरंज प्रतियोगिता लगभग पांच राउंड तक चली। वही कार्यक्रम की शुरूआत मशाल दौड़ के साथ हुई जिसमें सौरव बाजपेई राजा बेटा,मनीष कुमार प्रधानाचार्य, कार्यक्रम आयोजक विकास सिंह ठाकुर, कार्यक्रम आयोजक सोनू श्रीवास्तव पूर्व ब्लाक प्रमुख रामचंद्र पाल पूर्व प्रधानाचार्य शरीफ खान जिला खरीद अधिकारी मुकेश सभरवाल मुख्य कार्यक्रम निर्णायक मंडल दिवाकर द्विवेदी कमलेश गुप्ता सुभाष चंद्र कुलदीप कुमार रामजी गुप्ता अनुराग सिंह अजय ठाकुर आदि ने किया

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना औरास क्षेत्र के बरादेव गांव के पास एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन से जा रही मोटरसाइकिल में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।हादसे में मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक गंभीर रूप घायल हो गए ।जिन्हें गंभीर हालत में सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

हरदोई जनपद के कासिमपुर थाना क्षेत्र के ज्वालाखेड़ा निवासी पैतीस वर्षीय मंजेश पुत्र रामकिशन अपने साथी औरास थाना क्षेत्र के नई बस्ती गांव निवासी पुनीत 26वर्ष पुत्र रामकिशोर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रविवार रात को लखनऊ से एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन के रास्ते से अपने घर वापस जा रहे थे ।बाइक सवार दोनों युवक औरास थाना क्षेत्र के बरादेव गांव के सामने पहुंचे ही थे कि इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी ।हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप घायल हो गए ।जिन्हें गंभीर हालत में सीएचसी औरास पहुंचाया गया ।जहां डॉक्टरों ने मंजेश को मृत घोषित कर दिया वही पुनीत को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक मंजेश के परिजनों को सूचना देकर विधिक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना से मृतक मंजेश के परिजन रो रो कर बेहाल थे।

# ईसाई धर्मांतरण की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकताओं ने किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हुलास खेड़ा गांव में कथित ईसाई धर्मांतरण की सूचना पर बजरंग दल कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। बजरंग दल ने गांव निवासी पंकज राजपूत पर लगभग 15 लोगों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर अचलगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बजरंग दल का आरोप है कि पंकज राजपूत के साथ छह महिलाएं भी इस कथित धर्मांतरण गतिविधि में सहयोग कर रही थीं। संगठन ने इन सभी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि गांव में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं और भोले-भाले लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान बजरंग दल कार्यकताओं और पंकज राजपूत के बीच तीखी बहस भी हुई, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अचलगंज थाना पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत कराया और किसी भी अप्रिय घटना को टाल दिया। बजरंग दल के जिला संयोजक नितिन शुक्ला, जिला सह संयोजक वैभव श्रीवास्तव, जिला सुरक्षा प्रमुख रजत ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्म परिवर्तन के लिए आर्थिक प्रलोभन और अन्य लालच दिए जा रहे थे। वहीं, पुलिस का कहना है कि अभी तक की जांच में किसी भी प्रकार का जबरन धर्म परिवर्तन सिद्ध नहीं हुआ है। पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपों के आधार पर संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है और तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सपा नेताओं ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी एवं महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अल्वी मिश्रा आदि ने कोतवाली पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रार्थना पत्र में सपा नेताओं ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर ₹इंडियन स्टोरीज₹ नामक आईडी से उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री की फोटो वायरल की जा रही है ।इस फोटो को गलत मंशा से प्रसारित किया जा रहा है। जिससे उनकी संवैधानिक छवि धूमिल हो रही है। इसके साथ ही उसी आईडी से एक अन्य फोटो भी डाली गई है। जिसमें एक महिला की निजता का गंभीर उल्लंघन किया गया है। आरोप है कि इस तरह की पोस्ट पर कई लोग समर्थन कर रहे हैं, जो समाज में गलत संदेश फैलाने का कार्य है। सपा नेताओं ने कहा कि यह कृत्य न केवल एक परिवार की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि महिलाओं की गरिमा और निजता के अधिकार का भी उल्लंघन है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि फोटो वायरल करने वाले तथा उसका समर्थन करने वालों के विरुद्ध आईटी एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाए। इस दौरान कोतवाली में संजीव शुक्ला, अरकान सिद्दीकी, तौफीक खान, नदीस यादव, गुलिस्तान खान, विकास यादव, मेराज, हसीब खान व बिन यामीन आदि सपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी अखिलेश पांडेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रास लीला व राम महोत्सव के चौथे दिन निकाली गई भव्य शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव।नगर में इन दिनों चल रहे रासलीला-रामलीला महोत्सव का रंग धीरे-धीरे चरम पर पहुँचता जा रहा है। महोत्सव के चौथे दिन को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों राजकुमारों के स्वरूप आकर्षण का केंद्र बने रहे। भगवान के जयकारों के साथ आगे बढ़ रही शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष-महिलाएँ और बच्चे शामिल हुए। गाजे-बाजे एवं ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच लोग नृत्य करते हुए भगवान के भक्ति-रस में डूबे नजर आए।

शोभायात्रा मोटेश्वर मंदिर से शुरू हुई और ब्लॉक रोड,मुख्यमार्ग,गुलाब बिल्डिंग रोड होते हुए वापस भगवती चरण वर्मा पार्क में संपन्न हुई। जहाँ-जहाँ शोभायात्रा पहुँची, वहीं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर आरती उतारते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया ।स्वागत करने वालो में कमलेश गुप्ता,दीपक ओमर विनोद गुप्ता,रवी किराना स्टोर,ओंकारनाथ गुप्ता आदि शामिल थे। घरों और दुकानों से लोगों ने पुष्प वर्षा के भगवान श्रीराम के जयघोष लगाए, जिससे पूरा नगर भक्ति के माहौल में सराबोर हो गया।

इस अवसर पर स्वामी त्रिलोक चंद्र शर्मा ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। आयोजन में चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, कार्यक्रम संयोजक संजीव गुप्ता, राजू चौहान, राजेश तिवारी, लल्ला तिवारी, नागेन्द्र सिंह सेंगर,राजू स्वर्णकार,अमरनाथ पाण्डेय,पवन सोनी,सभासद बेचेलाल गुप्ता,अजय गुप्ता,प्रेम नारायण तिवारी सहित कई सम्मानित नागरिक मौजूद रहे ।सामाजिक कार्यकर्ता सुनील चौरसिया ने ब्रज वासियों को अंगवस्त्र भेंट किया। पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहीं लीला में गोवर्धन डाकू व भक्त और भगवान लीला का मंचन किया गया। भिन्कीपुर हनुमान धाम के स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने सीताराम स्वरूप की आरती उतार कर लोक कल्याण की कामना की।

# तकिया मेले में कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेला के प्रशासनिक कैंप में आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमो के अंतिम दिन वाणी पुत्रो द्वारा कविसम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवंतनगर विधायक आशुतोष शामिल हुए। तकिया मेला में मेला प्रशासन की की ओर से मेला कैंप में आयोजित कवि सम्मेलन की शुरूवात सर्वप्रथम वाणी पुत्र कमलेश शुक्ला ने माँ सरस्वती की वंदना से की। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता चंद्रकांत बाजपेयी जबकि संचालन रायबरेली के वाणीपुत्र वाई पी सिंह द्वारा किया गया। उन्नाव के प्रशिद्ध वाणीपुत्र कमलेश शुक्ला ने सुनाते हुए कहा-राष्ट्र की एकता का प्रतीक प्रेम पुण्य बरसाते-हिन्दू ,मुस्लिम ,सिख ,ईसाई सब साथ मे चादर चढ़ाते। ओज के कवि कुमार प्रदीप शर्मा मेरे सारे पुण्यो परिणाम कहां-ढूढ़ रहे है दसरथ मेरा राम कहा जब सुनाया-श्रोताओं ने खूब सराहा। डॉ रामकिशोर की पंक्तियों ने वतर्मान युवा समाज पर कटाक्ष करते हुए सुनाया महतारी बाप तो पसंद नही उनका पसंद राजश्री,अउ कमला पसंद है सुना खूब तालियां बटोरी। हास्य कवि अनुभव अज्ञानी ने सुनाया- शादी यदि भाग कर कर लोगो लडकी से झील बना कर मार डालेगी यदि कर लोगे फेसबुक वाली से रील बना बना मार डालेगी। रायबरेली से पधारे वाई पी सिंह ने परहित में रहते लगे जिनके दोनो हाथ करता उन पर ही दया सदा त्रिलोकीनाथ पंक्तियां खूब सराही गयी। सर्दी के सितम को देखते हुए भी श्रोताओ से मंच भरा रहा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विधायक आशुतोष शुक्ला ने सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह ने सभी प्रतिभागियों व श्रोताओं का आभार ब्यक्त किया । इस मौके पर तहसीलदार अरुण सिंह , नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, सुनील दीक्षित,विजय श्रीवास्तव, विनोद कुमार, सुधीर आदि मौजूद रहे।

# अटल स्मृति सम्मेलन एवं मतदाता गहन पुनरीक्षण द्वितीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बगल में स्थित एक अतिथि गृह में अटल स्मृति सम्मेलन एवं मतदाता गहन पुनरीक्षण द्वितीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा, संवाद और सद्भाव का माध्यम बनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अवस्थी ने कहा कि अटल जी केवल एक महान राजनेता ही नहीं बल्कि वे राष्ट्र की आत्मा को समझने वाले दूरदर्शी विचारक, ओजस्वी वक्ता और संवेदनशील कवि थे। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि अटल जी ने सिद्ध किया कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं। उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और सुशासन का आदर्श उदाहरण है। पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री विनोद सिंह ने कहा कि अटल जी का सपना था कि एक ऐसा भारत जो मजबूत भी हो और संवेदनशील, विकासशील एवं समावेशी भी हो। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में उन्होंने सभी कार्यकताओं से मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करने की अपील की। इसके पूर्व विधायक श्री कटियार ने मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और क्षेत्रीय मंत्री विनोद सिंह को सम्मानित किया। कार्यशाला में जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा, महेश दीक्षित, वरिष्ठ नेता सरोज सिंह चौहान,जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा मुकेश पाल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा बालाराव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोविंद कुशवाहा, जगजीत राजपूत, अजय द्विवेदी, संदीप सिंह,सोनू सिंह,सैनिक प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक सीतेश सिंह,भाजपा नेता विकास गुप्ता, नीरज गुप्ता एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 70 वर्षीय पुराने मंदिर का सर्व सनातन समिति द्वारा कराया जा रहा है जीर्णोद्धार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद के तौरा में आज भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ स्थित लगभग 70 वर्ष पुराने हनुमान जी के मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य में 'सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति' के पदाधिकारियों को पूजन और श्रमदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

-सम्मान और सौहार्द

-मंदिर निर्माण प्रबंधक और विश्व हिंदू परिषद (अवध प्रांत) के मठ मंदिर प्रमुख रामू द्विवेदी ने समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला का पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही 'किसान उत्थान सेवा समिति' के प्रदेश अध्यक्ष अजय पांडे को भी सम्मानित किया गया।

-प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति

-पुनर्निर्माण के इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय दिग्गजों और कार्यकताओं का जमावड़ा रहा, जिनमें मुख्य रूप से नीरज गुप्ता (ब्लॉक प्रमुख, बिछिया)

-दुर्गेश द्विवेदी (एडवोकेट)

-राजेंद्र द्विवेदी एवं राजू सिंह

-भोला सिंह एवं विपिन द्विवेदी

-ज्ञानी मिस्त्री, राम सुमेर यादव, अलोपी यादव

-बाबूलाल लोधी, मुकेश शुक्ला और जयशंकर

-श्रद्धालुओं में मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। समिति के अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने इस कार्य को सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए एक बड़ा कदम बताया देर रात विधायक अनिल सिंह भी मौके पर पहुंचे और इस ग्राम व समिति के सदस्योंसराहना की तथा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

## युवती हुई लापता पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और परिजनों को धमकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने बताया कि 10 दिसंबर को हिंदपाल खेड़ा निवासी लालू उनकी 21 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि इसके बाद से आरोपी के परिजन आए दिन उनके परिवार को धमकियां दे रहे हैं और दहेज की मांग भी कर रहे हैं, जिससे परिवार भय और तनाव में है।

## साल के अंतिम माह में भी जारी रही निशुल्क भोजन सेवा पूर्ण हुआ 169 वा निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विगत साढ़े तीन वर्षों से उन्नाव जनपद में गरीबों जरूरतमंदों और लाचारी में जीवन यापन कर रहे निराश्रित लोगों को जनपद की संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन भरपेट भोजन करवा रही है आज साल के अंतिम माह और अंतिम दिन में भी संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा वह उनकी पूरी टीम ने मिलकर ढाई सौ जरूरतमंदों का पेट भरा और 169 वा निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम पूर्ण किया , चेतन मिश्रा का कहना है कि वह अपनी जिंदगी में सब कुछ त्याग सकते हैं पर सेवा नहीं जहां कहीं पर कोई भूखा या कही कोई बुर्जुग या रक्त की कमी से किसी की जान बचानी हो सभी में आगे आकर चेतन मिश्रा लोगो का सहारा बनते हैं तीन वर्षों पहले शुरू हुई यह सेवा आज जनपद उन्नाव में चर्चित हो चुकी है आप भी इस संस्था से जुड़कर लोगों की सेवा कर सकते हैं इसके लिए आपको संस्था के नंबर 7518759176 पर व्हाट्सएप मैसेज या कॉल करना पड़ेगा और संफाउंडेशन द्वारा की गई आज की सेवा में प्रमुख रूप से नीतू तिवारी ,कुलदीप पांडे ,रेनू वर्मा ,सरिता शुक्ला ,आरती वर्मा, हरिओम सिंह, सतीश बाजपेई फौजी, संजय कुशवाहा फौजी, मनोज कुमार, संजय सिंह फौजी, अजय द्विवेदी फौजी डब्बू एवं बसंत के साथ कई सेवकों ने सेवा में सहयोग दिया !!

# माइनर की खंदी कटी, किसानों की कई बीघे फसल हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर स्थित शारदा नहर से निकलने वाली माइनर में लापरवाही का मामला सामने आया है। गांव अमान खेड़ा के पास माइनर की खांदी दो स्थानों पर कट जाने से दर्जनों किसानों की फसलें जलमग्न हो गईं। प्रारंभिक शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका था। किसानों सुधीर सिंह, सतेंद्र सिंह, श्यामलाल, उर्मिला देवी, रामचंद्र और नन्हक्के गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि माइनर की सफाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई थी। माइनर में खर-पतवार और सिल्ट की उचित सफाई न होने के कारण पानी का बहाव बाधित हुआ। दबाव बढ़ने से दो जगह खादी कट गई। परिणामस्वरूप आसपास के खेतों में पानी भर गया, जिससे लगभग पचास बीघा रबी और सरसों की फसलें बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गईं। किसानों को भारी नुकसान की आशंका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीते शनिवार को दैनिक भास्कर ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया। संबंधित क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर आलोक कुमार दुबे ने मौके पर पहुंचकर माइनर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान माइनर में जगह-जगह खर-पतवार और गाद पाए जाने की पुष्टि हुई। निरीक्षण के बाद जेई आलोक कुमार दुबे ने सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर ठेकेदार को फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से माइनर की दोबारा गुणवत्तापूर्ण सफाई कराने के निर्देश दिए। जेई के निर्देश पर जेसीबी मशीन के माध्यम से माइनर की पुनः सफाई कराई गई। खर-पतवार और गाद हटाने का कार्य पूरा होने के बाद पानी का बहाव सामान्य हो सका। किसानों ने सफाई कार्य शुरू होने पर राहत महसूस की, हालांकि उन्होंने विभाग से भविष्य में नियमित निगरानी और दोषी ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते माइनर की ठीक से सफाई कराई जाती तो फसल नुकसान से बचा जा सकता था। फिलहाल विभागीय कार्रवाई के बाद स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन किसानों को हुए नुकसान की भरपाई को लेकर अभी भी सवाल बने हुए हैं।

## सम्पादकीय

# गंभीर प्रदूषण में साफ हवा, सबका अधिकार

वायु प्रदूषण ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इससे महिलाएं, बच्चे, बूढ़े और जवान हर कोई परेशान है। प्रदूषण के कारण कई गंभीर बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अब नया विवाद बढ़ा है एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी को लेकर। इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, क्योंकि गंभीर प्रदूषण के समय यह लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब सरकार शुद्ध हवा उपलब्ध नहीं करवा सकती तो एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। याचिकाकर्ता इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी घटाकर 5% करने की मांग कर रहे हैं, ताकि आम आदमी इसे खरीद सके, जबकि केंद्र सरकार जीएसटी काउंसिल के अधिकार क्षेत्र का हवाला दे रही है, जिससे साफ हवा के अधिकार और सरकारी जवाबदेही पर बहस छिड़ गई है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि अगर आप स्वच्छ हवा नहीं दे सकते, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी तो कम कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि एयर प्यूरीफायर को विलासिता की वस्तु नहीं माना जा सकता है, खासकर जब दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो। चूंकि देश के हर नागरिक को स्वच्छ हवा का अधिकार है और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को स्वच्छ हवा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक है। एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को प्रदूषण से बचने में मदद मिलेगी। सरकार को लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने के लिए कदम उठाने चाहिए। इससे लोगों को गंभीर प्रदूषण से कुछ राहत मिलेगी। बता दें कि भारत में वायु प्रदूषण का 51% औद्योगिक प्रदूषण, 27% वाहनों से, 17% फसलों को जलाने से और 5% अन्य स्त्रोतों से होता है। वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 20 लाख भारतीयों की असमय मृत्यु हो जाती है। वहीं, दुनिया की बात करें तो हर साल प्रदूषण से 35 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। प्रदूषण इस समय भारत ही नहीं, दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन चुका है। आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को अक्सर मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट और भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। प्रदूषण को लेकर तमाम देश प्रयास कर रहे हैं, कई बार सम्मेलन भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। प्रदूषण एक विनाशकारी समस्या है जो हमारे अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार, उद्योग और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करना होगा। स्वच्छ हवा, पानी और स्वस्थ पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित और सुखी जीवन जी सकें।

# एआई का ग्लोबल हब बनता भारत



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। उम्मीद करें कि देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। 2023 में भारत सातवें स्थान पर था। खास बात यह है कि इस रैंकिंग में भारत को यूके और दक्षिण कोरिया जैसे उच्च तकनीकी वाले देशों से आगे रखा जाना इस बात का प्रतीक है कि भारत एआई के क्षेत्र में नई उभरती हुई शक्ति और एआई का ग्लोबल हब हुए दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि 10 दिसंबर को विश्व प्रसिद्ध अमेरिका की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एमेजोन ने 2030 तक भारत में एआई को लेकर 35 अरब डॉलर के नए निवेश करने का ऐलान किया है। इसके एक दिन पहले 9 दिसंबर को माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। ये कंपनी द्वारा पूरे एशिया में अभी तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इनके अलावा पिछले दो महीनों में गूगल और टीपीजी ने भी भारत में 16 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनी ब्रुकफील्ड ऐसेट मैनेजमेंट ने मुंबई के पवई में एशिया का सबसे बड़ा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बनाने पर एक अरब डॉलर का निवेश किए जाने का ऐलान किया है।

एआई को लेकर नई निवेश प्रतिबद्धताओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। भारत के युवा ऐसे एआई निवेश का फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का उपयोग आर्थिक और सामाजिक विकास में करेंगे। इस समय भारत में एआई पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट्स के मुताबिक भारत में एआई का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जहां वर्ष 2025 में भारत का एआई बाजार 13.05 अरब डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है, वहीं यह बाजार आकार 2032 में 130.63 अरब डॉलर मूल्य का अनुमानित है। भारत में प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 60 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं, और पिछले वर्ष शुरू किए गए नए स्टार्टअप में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया है। एआई अपनाने वाले अग्रणी क्षेत्रों में औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएं और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी मिलकर एआई के कुल मूल्य में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फ़ीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत जैसे-जैसे रणनीतिक रूप से एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत की नई पीढ़ी एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। 26 दिसंबर को ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन ने कहा कि कहा कि अब ऊंचे वेतन वाली नई नौकरियां सिर्फ एआई पेशेवरों को मिलते हुए दिखाई देंगी। उनके मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय, श्रम शक्ति नीति 2025 के मसौदे के तहत स्वीकार किया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और अब एआई और नए कौशल विकास पर जोर देना जरूरी है। नीति आयोग की रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन द एआई इकोनॉमी 2025 के मुताबिक एआई के बढ़ते प्रभाव से जहां 2031 तक बड़ी संख्या में पारंपरिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं, वहीं एआई से जुड़ी करीब 40 लाख नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। जहां भारत की नई पीढ़ी के लिए देश में एआई से जुड़ी नौकरियाँ बढ़ रही हैं, वहीं एआई स्किल्स से प्रशिक्षित भारतीय युवाओं के लिए विदेशों में भी मौके बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से देश की नई पीढ़ी के लिए एआई आधारित नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच नई पीढ़ी को एआई पेशेवर के रूप में सुसज्जित करने की बड़ी चुनौती भी सामने खड़ी हुई है।




अगर इस परिप्रेक्ष्य में तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो भारत न केवल दूसरे देशों से एआई प्रतिभा के क्षेत्र में पीछे हो जाएगा, बल्कि एआई से होने वाले बहुआयामी विकास में भी पिछड़ जाएगा। ऐसे में हमें देश की नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह सराहनीय कदम है कि शिक्षा मंत्रालय ने नई पीढ़ी को प्रारंभिक स्तर से ही भविष्य की तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़े जाने के मद्देनजर आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से देशभर के सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से ही एआई पढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि हैदराबाद स्थित उसका 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' साल 2026 के मध्य में शुरू हो जाएगा, जिसका कुल आकार लगभग दो ईडन गार्डन स्टेडियम के बराबर है। उम्मीद करें कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में आगामी वर्ष में भारत तीसरी रैंकिंग से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।


## मिर्जा गालिब

श्वेता गोयल



# कलम का जादूगर, जो वक्त की बेड़ियों में न बंध सका

दिल्ली की पुरानी गलियों में आज भी अगर ध्यान से सुना जाए तो कहीं न कहीं एक ठहरी हुई उदासी, एक बगावती मुस्कान और एक गहरी दार्शनिक आहट सुनाई देती है। यह आहट मिर्जा गालिब की है। 27 दिसंबर 1797 को आगरा के काला महल में जन्मे मिर्जा असदउल्लाह बेग खान, जिन्हें दुनिया 'गालिब' के नाम से जानती है, केवल एक शायर नहीं थे बल्कि अपने समय की विडंबनाओं, मनुष्य की टूटन, प्रेम की असफलताओं और जीवन की तल्ख सच्चाइयों के सबसे प्रखर गवाह थे। उनकी शायरी पढ़ते हुए ऐसा लगता है, मानो शब्द नहीं बल्कि अनुभव बोल रहे हों; मानो हर शेर के पीछे कोई टूटी हुई उम्मीद, कोई अधूरी मोहब्बत या कोई असह्य सच खड़ा हो। गालिब की जिंदगी स्वयं एक लंबी गजल थी, कभी उसमें दुख झलकता था, कभी संघर्ष की कहानी सुनाई देती थी। बचपन में ही पिता का साया उठ जाना, फिर कम उम्र में विवाह, संतान-सुख का अभाव और आर्थिक असुरक्षा, इन सबने उनके व्यक्तित्व को भीतर तक झकझोर दिया। सात संतानें हुई लेकिन नियति ने एक को भी उनके पास नहीं छोड़ा। यह निजी त्रासदी कभी दर्द बनकर, कभी दर्शन बनकर उनकी शायरी में बार-बार लौटती है। गालिब का दुख रोना नहीं बनता, वह सवाल बनता है जिंदगी से, खुदा से और खुद से भी। भाषा के स्तर पर गालिब का प्रयोग अपने आप में क्रांतिकारी था। वे मूलतः फारसी के शायर थे और फारसी को ही श्रेष्ठ मानते थे लेकिन उर्दू में उन्होंने जो रचा, उसने उर्दू को नई ऊंचाइयां दी। उनकी उर्दू में फारसी की गहराई है, दर्शन की जटिलता है और अनुभूति की तीव्रता है। यही कारण है कि उनकी शायरी पहली नजर में कठिन लगती है लेकिन जैसे-जैसे पाठक उसमें उतरता है, वह अपनी ही जिंदगी के सवालों से रूबरू होने लगता है। गालिब किसी आसान दिलासा के शायर नहीं हैं बल्कि वे सोचने पर मजबूर करते हैं। दिल्ली गालिब की रचनात्मक आत्मा का सबसे बड़ा मंच रही। किशोरावस्था में ही वे दिल्ली आ गए थे और यहीं उनकी शायरी ने आकार लिया। मुगल दरबार में उनकी मौजूदगी केवल एक दरबारी शायर की नहीं थी बल्कि एक स्वतंत्र चेतना की थी। आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर स्वयं शायर थे और गालिब की प्रतिभा को पहचानते थे। दरबार में उन्हें सम्मान मिला, खिताब मिले लेकिन गालिब का स्वभाव किसी भी सत्ता के आगे पूरी तरह झुकने का नहीं था। वे अपनी शर्तों पर जीने वाले फनकार थे, थोड़े बेपरवाह, थोड़े विद्रोही और पूरी तरह ईमानदार। 1857 का विद्रोह गालिब की जिंदगी में निर्णायक मोड़ लेकर आया। दिल्ली उजड़ गई, मुगल साम्राज्य का अंत हो गया और गालिब की आर्थिक रीढ़ भी टूट गई। जो पेंशन और संरक्षण उन्हें दरबार से मिलता था, वह एक झटके में खत्म हो गया। यह दौर उनकी जिंदगी का सबसे कठिन समय था लेकिन इसी समय उनकी शायरी में वह तीखापन आया, जिसने उन्हें 'आम आदमी का शायर' बना दिया। भूख, तंगी और अपमान के बीच लिखे गए उनके शेर किसी व्यक्तिगत पीड़ा तक सीमित नहीं रहे बल्कि वे पूरे समाज की टूटन का बयान बन गए। गालिब का व्यक्तित्व जितना जटिल था, उतना ही मानवीय भी। शराब और जुए की आदतें, जेल जाना, आर्थिक बदहाली, ये सब उनकी छवि के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें अक्सर नैतिकता के चश्मे से देखा गया। लेकिन गालिब को समझने के लिए उस नैतिकता से बाहर आना पड़ता है। वे अपने दोषों को छिपाते नहीं थे बल्कि उन्हें स्वीकार करते थे। यही स्वीकार्यता उन्हें आधुनिक बनाती है। गालिब की शायरी प्रेम की भी है लेकिन वह पारंपरिक इश्क नहीं है। उनके यहाँ मोहब्बत आदर्श नहीं, अनुभव है जिसमें चाहत है, धोखा है, तड़प है और आत्म-संघर्ष भी है। उनका प्रेम ईश्वर तक पहुंचता है, फिर उससे सवाल करता है और अंततः मनुष्य की सीमाओं पर आकर ठहर जाता है। इसीलिए गालिब आज के युवा को भी उतने ही अपने लगते हैं, जितने अपने समय में थे।



# भक्ति करने से चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है



संकलित

दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

# गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित

प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## श्याम महोत्सव



कानपुर में शुक्रवार को श्याम महोत्सव कार्यक्रम के लिए जुलूस के दौरान लोग धार्मिक झंडे लेकर सड़क पर निकले।

## आज की पाती

### मुंबई की सियासत में बदलाव

कट्टर हिंदुत्ववादी और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रतीक बाला साहेब ठाकरे के जाने के बाद जिस शिवसेना की राजनीति बिखराव, टूट और आपसी संघर्ष की मिसाल बन गई थी, वही राजनीति अब एक बार फिर एकता के सूत्र में बंधती दिखाई दे रही है। वर्षों तक एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 'बंटेंगे तो बिखरेंगे' की सोच के साथ आगामी महानगरपालिका चुनाव एक साथ लड़ने का निश्चय कर महाराष्ट्र की राजनीति में नया अध्याय खोल दिया है। यह फैसला सिर्फ एक चुनावी समझौता नहीं, बल्कि बाला साहेब की विरासत को फिर से जीवित करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बाला साहेब ठाकरे के जीवित रहते शिवसेना एक मजबूत कैडर आधारित पार्टी थी, जिसकी जड़ें मुंबई से लेकर महाराष्ट्र के कोने-कोने तक फैली थीं।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### पराक्रम को नमन

वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के अमर साहिबजादों के अद्वितीय साहस और अपूर्व त्याग का राष्ट्रीय स्मरण है, जिन्होंने अन्याय के सामने झुकने के बजाय स्वाभिमान और सत्य का मार्ग चुना। उनके अतुलनीय त्याग और पराक्रम को नमन।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री



### वीर बाल दिवस

वीर बाल दिवस साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान, माता गुजरी के साहस और गुरु गोविंद सिंह के शाश्वत मूल्यों को नमन करता है। उनकी विरासत हमें मूल्य-प्रेरित बच्चों के पालन-पोषण के प्रति प्रेरित करती है।

- अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री



### विनम्र श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### जयंती पर नमन

शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि की अस्मिता, गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका अद्वितीय साहस, अटूट संकल्प और बलिदान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में सदैव अंकित रहेगा।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



## करंट अफेयर

# पाक में अब भी रह रहे 20 लाख अफगान शरणार्थी

पाकिस्तान से वर्ष 2025 में 10 लाख से अधिक लोगों के स्वदेश लौटने के बावजूद वहां अब भी 20 लाख से ज्यादा अफगान शरणार्थी रह रहे हैं। 'डॉन' समाचार पत्र ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आंकड़ों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। 'डॉन' समाचार पत्र ने एजेंसी के आंकड़ों के हवाले से बताया कि केवल नवंबर महीने में ही 1,71,055 अफगान नागरिक अपने देश लौटे, जिनमें से 37,899 को चमन, तोरखम और बाराबचा सीमाओं के जरिये निर्वासित किया गया। इसी महीने यूएनएचसीआर के प्रत्यावर्तन केंद्रों के माध्यम से 31,500 से अधिक 'प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन' (पीओआर) कार्डधारकों को भी अफगानिस्तान भेजा गया।



## ऑफ बीट

# तैराकी के बाद कान से पानी कैसे निकाला जा सकता है ?

तैराकी गर्मियों के दिनों की सबसे मजेदार गतिविधियों में से एक है। लेकिन पानी से बाहर आने पर शरीर सूख जाने के बावजूद आप को यह लग सकता है कि कान में पानी रह गया है। ऐसी स्थिति में कान भरा-भरा या बंद सा महसूस हो सकता है, आवाजें धीमी या दबी-दबी सुनाई दे सकती हैं, और कभी-कभी गुड़गुड़ाहट या सरसराहट जैसी आवाजें भी सुनाई देती हैं। आम तौर पर पानी खुद-ब-खुद निकल जाता है। आप सोचते होंगे कि कान की नली सीधी होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह दो जगह मुड़ी होती है, और कुछ लोगों की कान नली स्वाभाविक रूप से अन्य लोगों के मुकाबले अधिक पतली होती है।



संक्षेप

## पुलिस ने 86 मोबाइल फोन बरामद किए

### 13 लाख का फोन, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने मालिकों को सौंपे

अमेठी , पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले की सर्विलांस सेल और एसओजी टीम ने लोगों के गुम हुए 86 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 13 लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा रजत कौशिक ने आज एसपी कार्यालय सभागार में इन मोबाइलों को उनके मालिकों को सौंपा। कई कारणों से मोबाइल फोन गुम होने के बाद मालिक पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित थाना मोबाइल के दस्तावेज सर्विलांस सेल को भेजता है। इसके बाद सर्विलांस सेल आईएमईआई नंबर की मदद से मोबाइल का पता लगाने में जुट जाती है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर पुलिस गुम हुए फोन तक पहुंचती है। बरामद किए गए ये 86 मोबाइल फोन देश के विभिन्न राज्यों से प्राप्त हुए हैं, जिनमें मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी फोनों को सफलतापूर्वक ट्रैक कर वापस लाया है। अपना गुम हुआ मोबाइल फोन वापस पाकर मालिकों ने अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि 86 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं और आज सभी को उनके मोबाइल सौंप दिए गए। इन मोबाइलों की कुल कीमत 13 लाख रुपए से अधिक है।

## दबंगों ने दुकानदार को पीटा

### पेशाब करने से रोकने पर हुई मारपीट

अमेठी ,पेशाब करने से रोकने पर कुछ युवकों ने एक दुकानदार की पिटाई कर दी। यह घटना बीती रात करीब 9 बजे अमेठी कोतवाली क्षेत्र के धम्मोर रोड स्थित एक दुकान में हुई। मारपीट की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, धम्मोर रोड पर मनोज चौरसिया अपनी पान की दुकान चलाते हैं। बीती रात कुछ कार सवार युवक उनकी दुकान के बगल में पेशाब करने लगे। जब मनोज ने उन्हें ऐसा करने से रोका, तो वे आक्रोशित हो गए। गुस्साए युवकों ने दुकान में घुसकर मनोज चौरसिया की जमकर पिटाई कर दी। इस पूरी घटना को दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया गया। फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे युवकों ने दुकानदार पर हमला किया। पीड़ित दुकानदार ने घटना के बाद कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपियों में से एक युवक इसी थाना क्षेत्र के बारामासी गांव का रहने वाला है, जबकि दूसरा गौरीगंज थाना क्षेत्र का है। तीसरे आरोपी की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुकानदार मनोज चौरसिया ने बताया, ₹सभी दुकान के बगल में खड़े होकर पेशाब करने लगे। मैंने उनसे कहा कि यहां लोग रहते हैं, आप आगे चले जाइए। इतने में उन लोगों ने दुकान में घुसकर मेरी पिटाई कर दी।

# माघ मेले को लेकर बड़ी मॉक ड्रिल

## 10 कंटीजेंसी प्लान का हुआ रिहर्सल, अचानक लागू किया गया रूट डायवर्जन

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, माघ मेले की तैयारियों को परखने और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से सोमवार को प्रयागराज में एक बड़ी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान माघ मेला क्षेत्र से लेकर शहर के प्रमुख इलाकों तक भीड़ प्रबंधन के लिए तैयार किए गए 10 कंटीजेंसी प्लान का रिहर्सल किया गया।



### 10 स्थानों पर रिहर्सल

मॉक ड्रिल के तहत शहर और माघ मेला क्षेत्र में 10 अलग-अलग स्थानों को चिन्हित किया गया, जहां संभावित आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए कंटीजेंसी प्लान को लागू कर उसकी प्रभावशीलता जांची गई। रिहर्सल के दौरान कंटीजेंसी प्लान के अनुरूप ट्रैफिक को डायवर्ट और रेगुलेट भी किया गया।

### जीटी जवाहर चौराहे पर डीसीपी सिटी ने संभाली कमान

माघ मेले के प्रमुख एंट्री प्वाइंट जीटी जवाहर चौराहे पर कंटीजेंसी प्लान के रिहर्सल की कमान डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य ने संभाली। इस दौरान उनके साथ कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जीटी जवाहर चौराहे पर हुई रिहर्सल में एमजी मार्ग थाना प्रभारी वैभव सिंह, परेड थाना प्रभारी अतुल सिंह, दारागंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्र अपने-अपने थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे।

उधर माघ मेला क्षेत्र में भी अलग-अलग अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर कंटीजेंसी प्लान का रिहर्सल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुल 10 कंटीजेंसी प्लान तैयार किए गए हैं, जिनमें से कंटीजेंसी प्लान नंबर-1 और नंबर-2 का रिहर्सल माघ मेला क्षेत्र में, जबकि कंटीजेंसी प्लान नंबर-3 का रिहर्सल जीटी जवाहर चौराहे पर कराया गया।कंटीजेंसी प्लान के रिहर्सल के दौरान कमिश्नरेट पुलिस, मेला पुलिस और मेला प्रशासन के तमाम आला अधिकारी माघ मेला प्राधिकरण कार्यालय में बने आई-ट्रिपल-सी (कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) में मौजूद रहे। यहां से पूरे अभ्यास की क्लोज मॉनिटरिंग की गई।कंटीजेंसी प्लान एक आपात योजना है, जिसका उपयोग भीड़ प्रबंधन के लिए किया जाता है। यह योजना उन परिस्थितियों में लागू की जाती है जब अचानक अत्यधिक भीड़ पहुंच जाए और सामान्य यातायात व्यवस्था से स्थिति को संभालना संभव न हो। महाकुंभ के दौरान भी कई बार अचानक भीड़ का दबाव बढ़ने पर विभिन्न मार्गों पर कंटीजेंसी प्लान लागू किया गया था, जिसके जरिए आपात हालात में भीड़ को नियंत्रित किया गया।

# जमीन के विवाद में मां-बेटी की पिटाई...

## कपड़े फाड़े, पटककर लात-घूंसे मारे, महिला बोली- पुलिस नहीं दर्ज कर रही एफआईआर

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , जमीन के विवाद में महिला और उसकी बेटियों को दबंगों ने जमकर पीटा। गिराकर लात-घूंसे मारे। पीड़ित महिला ने कहा- आरोपियों ने मेरे बेटियों के कपड़े भी फाड़ दिए। साथ ही धमकी दी कि अगर शिकायत की तो जान से मार देंगे। पीड़ित का कहना है कि पुलिस चौकी पर शिकायत के बाद भी एफआईआरदर्ज नहीं की जा रही है।घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र की है। अब पिटाई का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि 3 से 4 पुरुष एक महिला को जमीन पर गिराकर लात-घूंसे मारते हैं। इस दौरान उसे बचाने आई बेटियों को भी पीटते हैं। पीड़ित महिला ने बताया- मैं अपनी बेटियों के साथ नवाबगंज के गनीपुर मेडारा गांव में रहती हूं। मेरे पति नहीं है। उनका निधन 2007 में हो गया था। पड़ोसियों ने मेरे जमीन पर अवैध रूप से बोरिंग लगा रखी है। घर में पुरुष सदस्य के नहीं होने पर पड़ोसी हमारी जमीन हड़पना चाहते हैं। 25 दिसंबर को पड़ोसी अपने परिवार के लोगों के साथ पहुंच गए और घर में गाली-गलौज की। साथ जबरन घर के बाहर बुलाया। मेरी बेटियां घर से बाहर निकलीं तो उनके साथ पड़ोसियों ने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद खेत की ओर हम लोगों को खींच कर ले गए महिला ने बताया- मुझे और मेरी बेटियों को दबंगों ने लात-घूंसे मारे। हम लोगों के कपड़े भी फाड़ दिए। बेटियों के साथ जबरदस्ती की भी कोशिश की।

### चौकी में दी शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

महिला का कहना है कि घटना के दिन ही वह मंसूराबाद चौकी पहुंची थी और एफआईआर दर्ज कराने का अनुरोध किया, लेकिन चौकी प्रभारी ने मेरी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। अगले दिन दोबारा चौकी पहुंचने पर भी मामला दर्ज नहीं किया गया। उधर पीड़िता व उसके परिवार ने सोमवार को नवाबगंज थाना पहुंचकर तहरीर दी।

# गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में सात लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के अलग अलग गावों में हुई गाली गलौज व मारपीट की घटना में पीडितों की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। चितौली गांव निवासी प्रमोद कुमार यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के टेनी मंदिर के पास भागवत कथा हो रही थी तभी गांव निवासी धर्मेंद्र उर्फ धुव्र यादव नशे की हालत में लड़कियों व महिलाओं के साथ उल्टी सीधी हरकते कर रहे थे मना कर दिया था उसी रंजिश को लेकर 27 दिसम्बर को खेत से नित्य क्रिया कर वापस लौट रहा था तो रास्ते में बच्चन उर्फ सजीवन लाल के साथ मिलकर पकड लिया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी दूसरी घटना चकलवंशी निवासी माया पत्नी दीपू रावत ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि अठारह साल पहले आवास मिला था जो भूमि सख्या 2560/3 जो जितेन्द्र सिंह व रमेश सिंह की सहमति से बनाया था इसी जमीन से लगा हुई जाकिर की भूमि है जो शाकिर व संदीप निवासी कोरारी के साथ 18 दिसम्बर 2025 को घर खाली कराने के लिए जेसीबी मशीन लेकर घर गिराने आ गए तो उसके सामने आ गयी तो वह लोग जाति सूचक शब्दों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तीसरी घटना में राम देवी पत्नी राम विलास निवासी सधवा खेड़ा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी अनिल व अरविन्द दरवाजे पर आकर नशे की हालत में गाली-गलौज करने लगे जिसका विरोध किया तो मारपीट करने लगे यह देख पति राम विलास व बेटा दीपू बचाने दौडे तो उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट व गाली-गलौज की घटना में पीडितों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तालाब से अवैध खनन का आरोप

## ब्लॉक जनप्रतिनिधि पर लगे आरोप,एसडीएम से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , बल्दीराय थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत बीही निदूरा के बिसुहिया गांव में एक तालाब से अवैध खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि तालाब की मिट्टी खोदकर दूसरी ग्राम पंचायत में उपयोग की जा रही है। ग्रामीणों ने इस अवैध खनन के पीछे बल्दीराय ब्लॉक के एक जनप्रतिनिधि का संरक्षण होने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, बिसुहिया गांव के तालाब से जेसीबी और अन्य भारी मशीनों का उपयोग करके मिट्टी निकाली जा रही है। इससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने का आरोप है। स्थानीय ग्रामीणों ने खनन विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अवैध खनन पर कोई रोक नहीं लगाई गई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि खनन विभाग और तहसील प्रशासन किसके दबाव में कार्रवाई से बच रहा है। वहीं, ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी भी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने इस अवैध खनन की शिकायत उपजिलाधिकारी बल्दीराय से भी की थी। हालांकि, तहसील के जिम्मेदार अधिकारी से शिकायत के बाद भी अवैध खनन जारी रहा। खनन विभाग भी इस मामले में पूरी तरह से मौन रहा, जिससे जनप्रतिनिधि के कथित प्रभाव के आगे प्रशासनिक कार्रवाई बौनी साबित हुई। सूत्रों के अनुसार, इससे पहले भी ब्लॉक के उक्त जनप्रतिनिधि पर तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर खुदाई की गई मिट्टी को दूसरी ग्राम पंचायत में बेचकर लाभ कमाने का आरोप है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनप्रतिनिधि विकास कार्य के नाम पर एक बड़ा घोटाला कर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहा है और इसकी जांच होनी चाहिए। जनप्रतिनिधि की कार्यशैली से नाराज आधा दर्जन ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जनप्रतिनिधि द्वारा किए जा रहे कथित घोटाले की शीघ्र जांच नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

# धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक रामलीला महोत्सव

### ग्राम प्रधान ने मेधावी बच्चों को किया प्रमाण पत्र से पुरस्कृत

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड के ग्राम पंचायत चांदपुर में पूर्व काल की तरह चली आ रही परंपरा के अनुसार तीन दिवसीय मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला धूमधाम से संपन्न हुई अंतिम दिवस ग्राम प्रधान शिव शंकर तोमर ने हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया ग्रामीण मेधावी बच्चे मंच के माध्यम से पुरस्कृत हुए जहां मेधावी छात्र गौरव कछवाह सोनी निषाद निहारिका हर्षित परिहार को ग्राम प्रधान के साथ रामलीला समिति के अध्यक्ष आरबी सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने अमर शहीद कैप्टन अतुल सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया सभी बच्चों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र मिले जहां बच्चों की आंखों में खुशी की ललक देखने को मिली इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह नन्हे सिंह



राघवेंद्र सिंह संतोष परिहार डॉ अनिल यादव राकेश सैनी बबली सिंह जितेंद्र शिवकुमार आदि बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे शाम समय प्रतिदिन की भांति अंतिम दिवस भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला देख भक्तों ने जमकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए

# जन औषधि केंद्र पर दवा 4 गुना महंगी बेची

## अमेठी जिला में फार्मासिस्ट पर कमीशन का आरोप, पीड़ित ने शिकायत की

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , सीएचसी शुकुल बाजार स्थित जन औषधि केंद्र पर दवाओं की कीमत को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोले गए इस केंद्र पर बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर दवा बेचने का आरोप लगा है। सेवरा निवासी वाजिद अपने नाना नईम के इलाज के लिए सीएचसी शुकुल बाजार आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां तैनात फार्मासिस्ट माता प्रसाद चौधरी ने उन्हें जन औषधि केंद्र से दवा लेने की सलाह दी और कहा कि यह दवा बाहर कहीं उपलब्ध नहीं होगी। वाजिद के अनुसार, जन औषधि केंद्र पर उन्हें एक दवा 1150 रुपये में दी गई, जबकि दवा पर 'जन औषधि' अंकित नहीं था। संदेह होने पर वाजिद ने वही पर्चा बाहर एक निजी मेडिकल स्टोर पर दिखाया, जहां वही दवा मात्र 300 रुपये में उपलब्ध होने की बात कही गई। इसके बाद पीड़ित ने सीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट से शिकायत की और बताया कि अंदर व बाहर की दवा की कीमत में लगभग 800 रुपये का अंतर है। फार्मासिस्ट ने पहले यह कहते हुए पल्ला झाड़ने की कोशिश की कि यह दवा केवल जन औषधि केंद्र पर ही मिलती है, लेकिन बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि दवा जेनेरिक है और बाजार में आसानी से उपलब्ध है। मामला बढ़ने और पूछताछ के बाद जन औषधि केंद्र से खरीदी गई दवा वापस कर दी गई। पीड़ित वाजिद ने पूरे मामले को मीडिया के सामने रखते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस प्रकरण ने जन औषधि केंद्रों की कार्यप्रणाली और संभावित कमीशनखोरी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सना के प्यार में पाकिस्तान गया यूपी का बादल रिहा

## पिता बोले- सरकार मदद करे, बेटे को जी भर देखना चाहता हूं

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , बेटा बादल मुस्लिम युवती के प्यार में फंसकर पाकिस्तान चला गया था। अब वह भारत लौटकर आएगा। पाकिस्तान में उसकी सजा पूरी हो गई है। उसे 26 दिसंबर को जेल से रिहा कर डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उसके भारत लौटने की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। मैंने उम्मीद ही खो दी थी कि बेटा कभी लौटकर नहीं आएगा। बेटे के देश लौटने की सूचना मुझे मेरे वकील ने दी। मेरी भारत सरकार से अपील की है कि पाकिस्तान सरकार से बात करे, ताकि बेटा जल्द से जल्द भारत लौट सके। पूरा परिवार उसकी राह देख रहा। बेटे को देखे हुए काफी दिन हो गए। वह जब लौटेगा तो उसे गले लगाएंगे, जी-भरकर देखेंगे और खूब प्यार करेंगे। ये कहना है अलीगढ़ के रहने




वाले कृपाल सिंह का। उनके बेटे बादल बाबू को फेसबुक से पाकिस्तान की सना रानी से प्यार हुआ। फिर वह बिना वीजा के पाकिस्तान चला गया। 27 दिसंबर 2024 को उसे पाकिस्तान की पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।कोर्ट में ट्रायल के बाद बादल को 13 मई 2025 को एक साल की सजा सुनाई गई, लेकिन बादल 4 महीने 10 दिन की सजा पहले ही काट चुका था, इसलिए उसकी रिहाई की डेट 26 दिसंबर तय की गई थी। इसके बाद उसे रिहा कर दिया गया। बादल कैसे पाकिस्तान पहुंचा, कैसे पुलिस की पकड़ में आया। सिलसिलेवार तरीके से जानिए...

### फेसबुक से प्यार, बिना वीजा के पहुंचा पाकिस्तान

बादल बरला क्षेत्र के गांव खिटकारी का रहने वाला है। वह दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करता था। एक साल पहले फेसबुक पर पाकिस्तानी सना से उसकी दोस्ती हो गई। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ती गई और दोनों में नंबर एक्सचेंज हुए। फिर बातचीत प्यार में बदल गई। पिता कृपाल सिंह ने बताया- बादल ने हम लोगों को बिना बताए सितंबर 2024 में बिना पासपोर्ट और वीजा के अवैध रूप से पाकिस्तान चला गया। पाक के पंजाब प्रांत (लाहौर से लगभग 240 किलोमीटर दूर) के मंडी बहाउद्दीन में 21 साल सना रानी के माउंग गांव पहुंचा। वहां उसकी सना से मुलाकात हुई। इसके बाद पत्नी को गायत्री देवी वीडियो कॉल किया। कहा- जिसके लिए घर से निकला था, वो मकसद पूरा हुआ। वह दो दिन तक सना के घर रहा, लेकिन बाद में सना और उसकी मां ने उसे भारत लौट जाने के लिए कहकर घर से बाहर कर दिया। इसके बाद बादल मंडी बहाउद्दीन में हाजी असगर अली के यहां पशुओं की देखरेख करने लगा। उसकी बोलचाल और भाषा से स्थानीय लोगों को उस पर शक हुआ। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहां के सदर थाने की पुलिस ने 27 दिसंबर 2024 को उसे गिरफ्तार कर लिया।

# प्रमुख सचिव मनीष चौहान शाहजहांपुर पहुंचे

## राजकीय मेडिकल कॉलेज और धान खरीद का किया निरीक्षण, बैठक में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , प्रमुख सचिव मनीष चौहान ने विभिन्न विकास कार्यों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों तथा रोजा मंडी स्थित धान खरीद केंद्रों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रमुख सचिव ने निमार्णाधीन मुख्य द्वार, बाउंड्री वॉल, 100 बेड का अस्पताल, 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, इमरजेंसी ब्लॉक तथा सीसी रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और ओपीडी में मरीजों का पंजीकरण ओआरएस प्रणाली के माध्यम से कराने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य तय मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसके बाद उन्होंने रोजा मंडी में धान खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया और किसानों को दी जा रही सुविधाओं व भुगतान व्यवस्था की जानकारी ली। क्रय केंद्रों पर बड़ी मात्रा में भंडारित धान को लेकर पूछे जाने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि राइस मिलों को एफआरके की पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण धान प्रेषण में देरी हो रही है। इस पर प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को पारदर्शी, सुचारु और समयबद्ध धान खरीद सुनिश्चित करने तथा किसानों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का मसीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, विकास कार्यों में तेजी लाने और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता व जवाबदेही बरती जाए।

# जिला विकास विभाग की गाड़ी खाई में पलटी, दो घायल

## बाघराय सीएचसी में भर्ती; पुलिस ने क्रेन से वाहन निकाला

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , बाघराय थाना क्षेत्र में जिला विकास विभाग की एक गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस हादसे में वाहन सवार दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए, जिन्हें बाघराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यह घटना चौबरियन का पुरवा के पास हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से खाई में गिरी गाड़ी को बाहर निकलवाया। फिलहाल, पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज रफ्तार और मोड़ के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया होगा।



# पुलिस ने छिनैती के दो आरोपी गिरफ्तार किए

## अवैध तमंचा, मोटरसाइकिल और 810 रुपये बरामद

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कंधई पुलिस ने एक महिला से छिनैती के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अंश प्रताप सिंह और शनि सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से एक अवैध तमंचा, एक मोटरसाइकिल और 810 रुपये नकद बरामद किए हैं। यह घटना को कंधई थाना क्षेत्र के मनैतापुर प्राथमिक विद्यालय के पास हुई थी। मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने एक महिला से उसका पर्स छीन लिया था, जिसमें मोबाइल फोन भी था। पीड़ित महिला की शिकायत पर कंधई पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने बिजहरा नेवादा जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान इन दोनों आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे छिनैती की वारदातें करते हैं और पकड़े जाने पर तमंचे से फायर करके भाग जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे रिश्तेदार हैं और अक्सर साथ रहते हैं। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि 22 नवंबर, 2025 को रात लगभग 10:45 बजे बेल्हा देवी मंदिर से लौटते समय रखहा बाजार क्षेत्र में मनैतापुर प्राथमिक विद्यालय के पास उन्होंने एक मोटरसाइकिल सवार महिला के हाथ से पर्स छीना था। लूटे गए पर्स में एक वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 4,000 रुपये नकद और एक आधार कार्ड था। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने नकद राशि आपस में बांटकर खर्च कर दी थी। खाली पर्स, आधार कार्ड और सिम कार्ड को बाबा बेलखरनाथ पुलिया से नदी में फेंक दिया गया, जबकि मोबाइल फोन अभियुक्त शनि सिंह ने अपने पास रख लिया था। उन्होंने यह भी बताया कि आज फिर धन की आवश्यकता होने के कारण वे नई घटना की तलाश में निकले थे

## संक्षेप

### यूपी में लड़कों के हाफ पैंट पहनने पर रोक

**खाप पंचायत ने कहा- घर में बहन-बेटी होती हैं; कुर्ता पजामा पहनना चाहिए**

बागपत, खाप पंचायत ने शनिवार को लड़कों के हाफ पैंट पहनने पर रोक लगाने का फैसला सुनाया। खाप चौधरियों ने कहा- लड़के और लड़कियां समान हैं। जिस तरह लड़कियों पर कुछ सामाजिक नियम लागू होते हैं, उसी तरह लड़कों पर भी नियम होने चाहिए। पंचों का तर्क था कि लड़के हाफ पैंट पहनकर घरों में और बाहर घूमते हैं। जिससे समाज पर गलत प्रभाव पड़ता है। लड़कों को कुर्ता-पजामा पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र के लड़कों को स्मार्टफोन भी नहीं रखना चाहिए। साथ ही मैरिज हॉल में शादियों के आयोजन पर भी आपत्ति जताई। पंचायत का कहना है कि ये फैसले समाज की संस्कृति और अनुशासन बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। शादियां गांव और घरों में ही होना बेहतर है। उनका तर्क है कि मैरिज होम में होने वाले विवाह ज्यादा समय तक नहीं टिकते और इनके टूटने की आशंका अधिक रहती है। घर के अंदर और बाहर दोनों जगह हाफ पैंट पहनना गलत आज सुबह बड़ौत कस्बे में खाप पंचायत बैठी। इसमें आजाद मलिक, ओमपाल सिंह, दागड़ खाप चौधरी, रमेश फौजी और शहीद बाबा शाहमल के वंशज शामिल हुए। उन्होंने कहा- ये फैसले समाज हित में हैं। इन्हें पूरे उत्तर प्रदेश में लागू करने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए अन्य खापों से संपर्क कर इसे अभियान के रूप में चलाया जाएगा। पंचायत में राजस्थान में लिए गए ऐसे ही एक अन्य खाप पंचायत के फैसले को भी सही ठहराया गया। पंच बृजपाल सिंह ने कहा कि जो युवा लड़के घर में भी पैंट पहनते हैं और बाहर भी पहनते हैं। समाज में बहन-बेटी होती हैं, यह सही नहीं है। कुर्ता पजामा और कोट-पैंट, पैंट-शर्ट पहनना चाहिए। हम हाफ पैंट के बिल्कुल खिलाफ हैं। खाप चौधरियों ने युवाओं को स्मार्टफोन से दूर रखने के लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाने का ऐलान किया है। पंचायत में युवाओं से अपील की गई कि वे स्मार्टफोन से दूरी बनाएं और हाफ पैंट न पहनें।

### ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की मौत

**घने कोहरे में नहीं दिखा रास्ता, गन्ने से भरा था वाहन; पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा**

बागपत , बड़ौत क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 7 घने कोहरे के कारण एक गन्ना किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। यह घटना मलकपुर चीनी मिल जाते समय हुई। मृतक किसान की पहचान शेरपुर लुहारा गांव निवासी बबलू (35 वर्ष) पुत्र संसार सिंह के रूप में हुई है। बबलू अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर मिल जा रहा था। घना कोहरा होने के कारण बबलू आगे का रास्ता ठीक से देख नहीं पाया, जिससे उसका ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। ट्रैक्टर के नीचे दबने के बाद वहां से गुजर रहे अन्य गन्ना किसानों ने शोर मचाया और उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। अन्य किसानों ने किसी तरह बबलू को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला

# डायरिया से बचाव के लिए जागरूकता के साथ विभागीय समन्वय जरूरी : सीएमओ

**सीएमओ की अध्यक्षता में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा बैठक**

**पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाया जा रहा कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार



श्रावस्ती, 30 दिसम्बर। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे -डायरिया से डर नहीं- कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अलावा पंचायती राज व अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि -डायरिया से डर नहीं- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। इसके लिए समुदाय में डायरिया के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने के साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने की जरूरत है। इस मौके पर पीएसआई इंडिया के पंकज पाठक ने बताया कि पीएसआई इंडिया द्वारा जनपद श्रावस्ती में 77 स्थानों पर डायरिया से संबंधित दीवार लेखन किया गया है। टीम ने ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की है। इसके अलावा 42 छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया गया है। अब तक 994 आशा कार्यकताओं, 109 एएनएम व 35 आशा संगिनी व 298 आंगनबाड़ी कार्यकताओं का डायरिया पर अभिमुखीकरण पीएसआई इंडिया द्वारा किया जा चुका है। इसके साथ ही पीएसआई इंडिया द्वारा -स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार- अभियान में सहयोग तथा पोषण माह के दौरान की गई गतिविधियों पर चर्चा हुई। बैठक में डीसीपीएम राकेश गुप्ता के साथ ही पीएसआई इंडिया से रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन का प्रदर्शन

**कुलदीप सेंगर को जेल भेजने की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

अमन लेखनी समाचार




रायबरेली, अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन रायबरेली के जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर की सजा तत्काल बहाल कर उन्हें जेल भेजने की मांग की गई है। ऐपवा ने अपने ज्ञापन में कहा है कि उन्नाव में एक नाबालिग से बलात्कार और उसके पिता सहित अन्य परिजनों व पीड़िता के अधिवक्ता की हत्या में संलिप्त कुलदीप सेंगर को हाल ही में एक अदालती फैसले के तहत सजा स्थगित करते हुए रिहा कर दिया गया है। संगठन ने इस फैसले को महिला सुरक्षा के प्रति सरकार के सरोकार पर सवाल उठाने वाला बताया है। संगठन ने इस फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने गुजरात के बिल्किस बानो मामले का भी जिक्र किया, जहां बलात्कारियों और हत्यारों को रिहा कर दिया गया था। ऐपवा ने इन घटनाओं को महिलाओं के खिलाफ अपराधों में न्याय की कमी का उदाहरण बताया। ज्ञापन में बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा एक समारोह में महिला चिकित्सक का हिजाब खींचने की घटना और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के उस पर दिए गए बयान का भी उल्लेख किया गया है। ऐपवा ने इन सभी घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा और न्याय में देरी पर सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी का अंतिम संस्कार मेरठ में होगा

**उत्तराखंड से लाई जा रही बॉडी, जाग्रति बिहार का बंद घर खोला गया**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी उर्फ टिंकू त्यागी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मेडिकल थाना क्षेत्र के जाग्रित बिहार सेक्टर-1 के मकान में विनय त्यागी की बॉडी लाई जाएगी। मकान को खोलकर वहां कुर्सियां डाल दी गई हैं। घर पर रिश्तेदारों का आना शुरू हो गया है। लगभग 5 साल पहले विनय त्यागी परिवार सहित इसी मकान में रहता था। हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी उर्फ टिंकू त्यागी को मुजफ्फरनगर में पेशी के दौरान दो बदमाशों ने तीन गोलियां मारी थीं। शनिवार को ऋषिकेश के एम्स में विनय त्यागी की मौत हो गई। रिश्तेदारों ने बताया कि शाम तक शव पहुंचने की उम्मीद है। विनय की पढ़ाई मेरठ से ही हुई। उसके पिता सेवाराम त्यागी मेरठ के एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज कार्यालय अधीक्षक के पद पर तैनात रहे हैं। पत्नी दो बार बनी ब्लॉक प्रमुखखाईखेड़ी गांव के रहने वाले गैंगस्टर विनय त्यागी उर्फ टिंकू पर यूपी और उत्तराखंड के कई थानों में 57 मुकदमे दर्ज थे। हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी का मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा और देहरादून में प्रॉपर्टी के विवादित मामलों से जुड़ा रहा है। उसकी पत्नी निशा त्यागी भी दो बार पुरकाजी बॉक से प्रमुख बनी। सहारनपुर की देवबंद सीट से खुद भी विधानसभा का चुनाव लड़ा था।पेशी पर ले जाने के दौरान हुआ था हमलाविनय त्यागी को उत्तराखंड के लक्सर में पुलिस अभिरक्षा में कोर्ट में पेशी पर ले जाने के दौरान हमला हुआ था।

# एवीबीवी कार्यकर्ताओं का सड़क पर हंगामा

**बेगमपुल पर कारों के हूटर बजाकर स्टंट किया, एफआईआर के बाद जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सदर बाजार थाना क्षेत्र के बेगमपुल पर देर रात कार सवार युवकों द्वारा जमकर हंगामा किया। कारों के काफिले में सवार युवकों ने चलती गाड़ियों से बाहर निकलकर हुड़दंग मचाया और यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाईं। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया।

### लोगों को हुई परेशानी

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कई कारें बेगमपुल से गुजर रही हैं, जिनमें सवार युवक कारों के दरवाजे खोलकर बाहर निकल रहे हैं और सड़क पर शोर-शराबा कर रहे हैं। इस दौरान सड़क पर जाम जैसे हालात बन गए और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कार सवारों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने पुलिस की एक नहीं सुनी और हुड़दंग जारी रखा। वीडियो सामने आने के बाद सदर बाजार थाना पुलिस ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली से लौट रहे थे एबीवीपी कार्यकर्ता

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि हंगामा करने वाले युवक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता हैं।

कार्यकर्ता दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर कारों से मेरठ लौट रहे थे। इसी दौरान बेगमपुल पर उन्होंने हंगामा किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने, सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान के लिए वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

# एमआईईटी कॉलेज में छात्रा की पिटाई का वीडियो वायरल

**कॉलेज कैंपस में दो गुट की छात्राएं आपस में भिड़ीं, लात-घूंसे मारे, बाल नोंचे**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, एमआईईटी कॉलेज में एक छात्रा की पिटाई का पार्ट 2 वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस घटना में दो छात्राएं एक अन्य छात्रा को लात-घूसों और बेल्ट से पीटती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो कॉलेज परिसर के ग्राउंड का बताया जा रहा है। इसमें एक छात्रा जमीन पर बैठी दिख रही है, तभी दो अन्य छात्राएं उसके बाल पकड़कर उसे लात-घूसों से पीटना शुरू कर देती हैं। वीडियो में पीड़िता खुद को बचाने की कोशिश करती है, लेकिन हमलावर छात्राएं लगातार उस पर हमला करती रहती हैं।

वीडियो में यह भी दिख रहा है कि पास में मौजूद कुछ अन्य छात्राएं भी एक और छात्रा की पिटाई कर रही हैं। घटना के दौरान कई छात्र-छात्राएं तमाशबीन बने रहे और किसी ने भी बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की। यह घटना दो दिन पहले दीवान कॉलेज के बाहर हुई एक अन्य छात्रा की पिटाई के वीडियो के वायरल होने के बाद सामने आई है।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद



छात्राओं की सुरक्षा, कॉलेज प्रशासन की लापरवाही और अनुशासनहीनता को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

# ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर गिरी गाजं

**यूपी चीफ सेकेट्री के जाम में फंसने पर हुई कार्रवाई, दिल्ली से हिंडन एयरपोर्ट जा रहे थे**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, ट्रैफिक पुलिस में तैनात इंस्पेक्टर मनवीर सिंह को उनकी ड्यूटी में लगातार लापरवाही के आरोप में हटा दिया गया है। उन्हें अब पुलिस लाइन स्थित कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। जांच में पाया गया कि जहां उनकी ड्यूटी थी, वहां ट्रैफिक व्यवस्था सही ढंग से नहीं संभाली गई। सीनियर अधिकारियों ने इसे घोर लापरवाही माना और उनके खिलाफ जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड के निर्देश पर डीसीपी ट्रैफिक ने यह कार्रवाई की। मामला 22 दिसंबर का है, जब यूपी के चीफ सेक्रेट्री दिल्ली जाने के लिए लखनऊ से हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। उनके कार्यक्रम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग जगहों पर ड्यूटी लगाई गई थी। हिंडन एयरपोर्ट से निकलते ही साहिबाबाद-लोनी मार्ग पर जाम लग गया था। इस दौरान इंस्पेक्टर मनवीर सिंह की लापरवाही के चलते जाम समय पर नियंत्रित नहीं हो सका, जिससे उनकी जिम्मेदारी पर सवाल उठे। जैसे ही जाम की सूचना मिली तो एसीपी और उच्च अधिकारियों ने किसी तरह ट्रैफिक को सुचारु कराया। लेकिन जाम वाले स्थान पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनवीर सिंह की लापरवाही पाई गई, न तो ट्रैफिक को कंट्रोल किया न ही उच्च अधिकारियों को ट्रैफिक बाधित की जानकारी दी गई। मोदीनगर में भी मिली थीं जाम की शिकायतेंनवम्बर माह में टीआई मनवीर सिंह की मोदीनगर में मेरठ रोड पर ड्यूटी थी। जहां मोदीनगर क्षेत्र में लगातार जाम की समस्या बनी हुई थी। मोदीनगर, मुरादनगर और दुहाई में जाम को लेकर पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड और एडिशन पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने लगातार सख्त निर्देश दिए। उसके बाद भी ट्रैफिक इंस्पेक्टर मनवीर सिंह लगातार यातायात व्यवस्था नहीं सुधार सके। दिसंबर माह में ही उनकी ड्यूटी मोदीनगर जोन से बदलकर लोनी क्षेत्र में लगाई थी।

अब उन्हें फील्ड से हटा दिया है। गाजियाबाद में 12 ट्रैफिक इंस्पेक्टर हैं, 135 टीएसआई और 800 सिपाही और हेड कांस्टेबल हैं।

डीसीपी का बयान

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि टीआई मनवीर सिंह को हटाया गया है। यातायात व्यवस्था ड्यूटी में उनकी लापरवाही पाई गई। किसी भी कर्मचारी की ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# 6.68 लाख मतदाताओं के नाम कटेंगे

**एसआईआरअभियान पूरा, 31 दिसंबर को जारी होगी ड्राफ्ट सूची**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , जिले में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) का कार्य शुक्रवार को समाप्त हो गया। इसके साथ ही डाटा भी लॉक कर दिया गया है। इस अभियान के तहत 6.68 लाख मतदाताओं ने गणना प्रपत्र भरकर वापस नहीं दिए हैं, जिसके कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। अब किसी भी मतदाता का गणना प्रपत्र न तो जमा हो सकेगा और न ही डिजिटाइज्ड होगा। साथ ही, वर्ष 2003 की मतदाता सूची के विवरण से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग का कार्य भी नहीं होगा। जिन मतदाताओं ने गणना प्रपत्र में वर्ष 2003 की मतदाता सूची का विवरण नहीं दिया है, उन्हें नोटिस भी जारी किए जाएंगे। जनपद के सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2,758 बूथों के लिए इतने ही बीएलओ को एसआईआर प्रक्रिया की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। चुनाव आयोग ने इस अभियान की तिथि को दो बार आगे बढ़ाया था। जनपद में वर्ष 2025 की मतदाता सूची में कुल 26,99,820 मतदाताओं के नाम थे, जिनके लिए गणना प्रपत्र वितरित किए गए थे।लगभग एक महीने के प्रयास के बाद भी 6.68 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्र वापस नहीं मिले। बीएलओ द्वारा इन मतदाताओं को मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित या दो स्थानों पर नाम होने की श्रेणी में चिह्नित किया गया है। ऐसे सभी मतदाताओं की सूची को मतदान केंद्रों और जनपद की वेबसाइटों पर उपलब्ध कराया गया है। राजनीतिक दलों और बूथ एजेंटों की मदद से भी इसका सत्यापन कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा उन सभी मतदाताओं के नाम को ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा, जिन्होंने गणना प्रपत्र भरकर वापस जमा कराए हैं। यह सूची 31 दिसंबर को जारी की जाएगी। इस सूची में उन 6.68 लाख लोगों के नाम शामिल नहीं होंगे, जिन्होंने गणना प्रपत्र वापस नहीं दिया है। पहले 31 दिसंबर तक मतदाताओं का वर्ष 2003 की मतदाता सूची के विवरण से सत्यापन मैपिंग कार्य जारी रखने का आदेश था।

# 34 हजार करोड़ बकाया, बुनियादी सुविधाओं पर दिखेगा असर

**116 बिल्डरों ने नहीं दिया प्राधिकरण का बकाया, यूनिटेक , आम्रपाली और सुपरटेक बड़े बकाएदार**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, प्राधिकरण की ओर से सभी 116 ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं पर 30 नवंबर तक 34 हजार 283 करोड़ रुपए का बकाया है। जिनमें से करीब 25 हजार करोड़ रुपए ऐसे मामलों से जुड़े हैं जो कोर्ट, एनसीएलटी और सालों से ठप पड़ी परियोजनाओं में फंसे हुए हैं। इसका असर अब शहर में यूटिलिटी सेवाओं पर दिख सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण के पास लैंड बैंक नहीं है। जिससे राजस्व के आकड़ों में गिरावट आ रही है। प्राधिकरण एक ऑटोनॉमस बाडी है। इसलिए जमीन, टीएम और अन्य माध्यमों से जो भी पैसा आता है उसे शहर में बुनियादी सुविधा में लगाया जाता है। आय के सोर्स कम हो चुके है। बकाया वापस भी नहीं आ रहा। जबकि प्राधिकरण ने बिल्डरों को कई बार नोटिस जारी किए ,एडह से वित्तीय जांच कराने का आग्रह किया। कोर्ट में पैरवी की। लेकिन अब तक बकाया वापस नहीं आया। अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 57 बिल्डर परियोजनाओं में करीब 800 करोड़ रुपए ही वापस मिल सका हैसुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग में अटके बड़े बकायेसर्वाधिक बकाया उन परियोजनाओं का है जो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही हैं और जिन पर प्राधिकरण किसी भी तरह की रिकवरी कार्रवाई नहीं कर सकता।

# मेरी बेटी की मौत के जिम्मेदार स्कूल टीचर

**पिता बोले- सबके सामने उसे और मुझे खूब जलील किया, वो बर्दास्त नहीं कर पाई**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में 22 दिसंबर को 8वीं मंजिल से कूदकर जान देने वाली छात्रा के पिता ने बेटी की मौत का जिम्मेदार स्कूल को ठहराया है। पिता ने बताया- मेरी बेटी अनजाने में अपना मोबाइल लेकर स्कूल गई थी। इस पर टीचर ने सभी बच्चों के सामने उसे खूब फटकारा और मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया था। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट ने मुझे भी फोन करके स्कूल बुलाया था। वहां पर स्कूल कैंपस में सबके सामने मुझे और बेटी को खूब जलील किया। हमने अपनी गलती भी मानी थी, लेकिन उसके बाद भी स्कूल प्रशासन भद्दी-भद्दी बातें बोल रहा था। इसके बाद मैं बेटी को स्कूल से घर ले आया। घर आने के बाद से ही बेटी गुमसुम थी। बिना कुछ बोले ही अपने कमरे में चली गई थी। इस इंसीडेंट से वो इतना दुखी हो गई थी कि उसने पूरा दिन हमसे कुछ नहीं बोला। रात में अपने कमरे में खाना खाकर सोने चली गई। रात करीब 2:15 उसकी मां ने उसे बिल्डिंग से कूदते हुए देखा। पिता ने बिसरख थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों से लगातार पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। यह घटना 22 दिसंबर की रात गौर सिटी सोसाइटी के 4 एवेन्यू की है।22 दिसंबर को कक्षा 10वीं की छात्रा कनिष्का ने मानसिक परेशानी के चलते आत्महत्या




कनिष्का, मृतक

कर ली थी। 8वीं मंजिल से कूदकर छात्रा ने की थी आत्महत्या छात्रा का नाम कनिष्का सोलंकी था। 15 वर्षीय कनिष्का ग्रेटर नोएडा के गगन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा थी। इन दिनों स्कूल में हाफ ईयरली परीक्षाएं चल रही थीं। 22 दिसंबर, सोमवार को कनिष्का परीक्षा देने स्कूल गई थी। इस दौरान वह अपने साथ मोबाइल फोन लेकर गई थी। स्कूल में परीक्षा के दौरान एक टीचर ने कनिष्का के पास मोबाइल फोन देख लिया। इसके बाद टीचर ने उसे डांटा और परिजनों को स्कूल बुलाकर इसकी शिकायत की। स्कूल से घर लौटने के बाद कनिष्का काफी उदास थी। रात में उसने परिवार के साथ डिनर किया और बाद में अपनी मां से बातचीत कर सोने चली गई। रात करीब 2:15 बजे कनिष्का ने अपने फ्लैट की 8वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि घटना के समय कनिष्का की मां जाग रही थीं। उन्होंने कनिष्का को कूदते हुए देख लिया, जिसके बाद शोर मचाकर परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया।

# महिला के पेट से निकला आधा मीटर कपड़ा

**ग्रेटर नोएडा में ऑपरेशन के समय डॉक्टरों ने छोड़ दिया था; पेट में पस पड़ गया था**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा महिला के पेट से ऑपरेशन के दौरान आधा मीटर कपड़ा निकला। पेट में कपड़ा होने की वजह से महिला के पेट में पस पड़ गया था। इससे उसकी जान भी जा सकती है। दरअसल, महिला के पेट में लगातार दर्द बना रहता था। डेढ़ साल पहले उसकी बैक्सन अस्पताल डिलीवरी हुई थी, तभी से ये परेशानी हो गई थी। कई जगह जांचें कराईं, कई टेस्ट कराएं, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद कैलाश अस्पताल की डॉक्टर ने पेट में गांठ होने की बात कही और ऑपरेशन कराने की सलाह दी। महिला का जब ऑपरेशन हुआ, तो डॉक्टरों ने पेट के अंदर आधा मीटर का कपड़ा निकाला। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद महिला और उसके पति ने पुलिस और सीएमओ से इस मामले की शिकायत की। लेकिन, अस्पताल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने अस्पताल के डॉक्टर और सीएमओ समेत 6 लोगों के खिलाफ ऋकफ करने के निर्देश दिए हैं। अब विस्तार से पढ़िए पूरा मामला 14 नवंबर, 2023 को बैक्सन अस्पताल में हुई थी डिलीवरी डेल्टा- 1 में विकास वर्मा पत्नी अंशुल वर्मा के साथ रहते हैं। अंशुल ने बताया- मुझे 14 नवंबर को बाँकसन अस्पताल, तुगलपुर में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। डॉ. अंजना अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन किया। उस समय डॉ. अंजना अग्रवाल के पति डॉ. मनीष गोयल भी वहां मौजूद थे। डिलीवरी के दौरान डॉक्टरों ने मेरे पेट में कपड़ा छोड़ दिया था। उसके बाद 16 नवंबर को मुझे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डिलीवरी के बाद से पेट में तेज दर्द होने लगा अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद मुझे पेट में तेज दर्द महसूस होने लगा। पहले तो मैंने सोचा कि ऑपरेशन की वजह से ऐसा हो रहा होगा। लेकिन, डेढ़ साल बाद भी दर्द बना रहा। अंदर गांठ जैसा महसूस होता था।

# स्लग-एसआईआर के तहत यूपी में काटे गए 2 करोड़ 89 लाख वोट

### 2024 के चुनाव में पड़े वोट की कौन लेगा जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। सोमवार को महाराजा बिजली पासी की जयंती के अवसर पर बहुजन संकल्प महा रैली का आयोजन किया गया।भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के संयुक्त प्रावधान में आयोजित इस रैली में नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पहुंचे और उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर निशाना साधा और कहा इस प्रकिया में 2 करोड़ 89 लाख वोट काटे गए हैं तो 2024 के चुनाव में जो वोट पड़े थे इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। बिलग्राम चुंगी पर आयोजित एक बारात घर में इस कार्यक्रम पहुंचे चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश में वोट कटने के मुद्दे पर सवाल उठाए और कहाकि पहले 4 करोड़ वोट कटने की बात कही गई अब सरकारी आंकड़े 2 करोड़ 89 लाख बताते हैं तो बाकी वोट किसके थे।उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया और कहा कि वोट का अधिकार रहेगा तो ही सत्ता के बड़े लोग आम जनता के दरवाजे पर आएंगे।उन्होंने इस दौरान महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि देश में अपराध और रेप के मामलों में सबसे अधिक पीड़ित यही वर्ग हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी ने तय कर लिया है कि 2027 में आजाद समाज पार्टी को लखनऊ लेकर आना है इसके लिए कार्यकताओं ने कमर कसी है।आज महासम्मेलन था इसके बाद पांच रैलियां जो 25 तक शुरू हो रही हैं इससे पहले मुजफ्फरनगर में महा रैली हुई थी उत्तर प्रदेश की हवा जो की सारी पार्टी को आजमा चुकी है अब वह नए नेतृत्व को अवसर देना चाहती है।कहा कि जिस तरह से भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी मेहनत कर रही है वह दिन दूर नहीं है कि एक भाईचारा बनेगा कमजोर वर्गों के लोगों में एससी एसटी ओबीसी मुस्लिम लोगों में आदिवासियों में आजाद समाज पार्टी बड़ी ताकत में उभरेगी।आज हुए महाराजा बिजली पासी की जयंती पर आयोजित बहुजन संकल्प महारैली में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा।सभा स्थल के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर सड़क तक हजारों लोग जमा हो गए। जगह कम पड़ने पर कई लोग पेड़ों और आसपास की छतों पर चढ़कर सभा देखने की कोशिश करते दिखे। छतों पर बड़ी संख्या में लोगों के डटे रहने से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही।

# नशेड़ियों का व्याप्त आतंक, पुलिस प्रशासन निश्चिंत

### दबंग शराबियों ने तमंचे के बल पर युवक को किया घायल

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई: थाना क्षेत्र के मोहल्ला दिलेर गंज में पीड़ित शिवा त्रिवेदी पुत्र कमलेश त्रिवेदी निवासी टोडरपुर के अनुसार 20 दिसंबर 2025 को शाम लगभग 6:00 अपनी दुकान में अन्नू कारीगर से पुताई करा रहा था उसी समय आशीष मिश्रा निवासी मोहल्ला पठकाना शाहाबाद व उनके साथी एब बी सिंह शराब के नशे में धुत होकर दुकान पर आए, शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे, मना करने पर तमंचा लहरा कर गाली गलौज करने लगे, जिसे देखकर मैं डर गया ,और वहां से अपनी बाइक लेकर अल्हापुर क्लीनिक के पास पकड़ लिया, हमें सड़क पर घसीटते हुए दोनों लोग मारपीट करते हुए ईट हमारे नाक पर मार दी, जिससे नाक मुंह से काफी खून बहने लगा, कहा कि तुम मेरा कुछ नहीं उखाड़ पाओगे, इलाज के दौरान डॉक्टर ने बताया कि नाक की हड्डी फ्रैक्चर है, इस संबंध की लिखित शिकायत शाहबाद थाने पर दी है जानकारी अनुसार क्षेत्र में दबंगों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है और उन्होंने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है-राजीव नयन

अमन लेखनी समाचार



पनियरा (महराजगंज)। सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में रहसुगुरु धाम, पनियरा में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में साधु-संतों, महात्माओं, गायत्री परिवार तथा सकल हिंदू समाज के हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर कौशलेन्द्र गिरि जी महाराज (श्री नाथ मठ, रसड़ा) रहे, जबकि मुख्य वक्ता श्री राजीव नयन जी (विभाग प्रचारक) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गिरिधारी जी महाराज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर कौशलेन्द्र गिरि जी महाराज ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि ह्लजब हिंदू समाज संगठित होगा, तभी समर्थ और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। भारतीय परंपराएं और पौराणिक मूल्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जो सदैव देश के लिए गौरव का विषय रहे हैं।ह्व उन्होंने कहा कि समाज को पंथ-मजहब के नाम पर बाँटने के प्रयास होते रहे हैं, किंतु हिंदुत्व एक ऐसी जीवन परंपरा है जो किसी के प्रति द्वेष नहीं सिखाती, बल्कि राष्ट्र, समाज और मानवता को जोड़ने का कार्य करती है। मुख्य वक्ता श्री राजीव नयन जी ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लहिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। जब समाज संगठित, जागरूक और आत्मविश्वासी होता है, तब कोई भी विघटनकारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति को रोक नहीं सकती। सनातन संस्कृति केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन का वह मार्ग है जो व्यक्ति को कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का बोध कराता है।ह्व उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्र मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री गिरिधारी जी महाराज ने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य एवं सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हिंदू समाज को संगठित होकर आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। कार्यक्रम का संचालन जीवेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर समिति के में सचिव भोला, महामंत्री दिलीप, विनय, रामचन्द्र, विकेंद्र,दीपक, योगेन्द्र, अरविंद, संदीप, अनूप, अशोक, सुनील, हेमन्त, अमृत, अर्जुन, उमाशंकर पांडेय, दुर्गेश, शैलेश, विजय, ज्ञानेंद्र सिंह,निर्भय, उमेश, महेंद्र प्रताप सिंह,वेद प्रकाश शुक्ला , राजेश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

खास समाचार

# किसानों की फसलें नहर विभाग की लापरवाही के चलते हुई जलमग्नः बोई हुई फसल चौपट

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र में नहर विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है।जहां नहर सफाई के नाम पर सिल्ट पटरियो पर निकाल कर डाली गई थी, वह सिल्ट पटरियो से उठाकर रॉयल्टी के नाम पर उठाई गई है जहां सराह खास से टोडरपुर के बीच पटरियो से सिल्ट ज्यादा उठा ली गई है।जिससे पानी ऊपर उभरता हुआ आदित्य मिश्रा के खेत में नहर का पानी जादा होने से तमाम किसानों पुनीत शुक्ला, आदित्य मिश्रा, प्रेम प्रकाश शुक्ला, श्याम प्रकाश, उदय शुक्ला, धीरज शुक्ला, जयकरण शुक्ला, कमलेश नीरज शुक्ला अन्य किसानों ने बताया लगभग 20 बीघा फसल जलमग्न हो गई जिससे भारी नुकसान हुआ है क्षेत्रीय ग्रामीण के अनुसार समय पर नहर की सफाई व पानी की उचित निकासी न होने के कारण नहर का पानी आसपास के खेतों में फैल गया, जिससे किसानों की खड़ी फसलें जलमग्न हो गई। अचानक खेतों में पानी भर जाने से गेहूं, सरसों, आलू सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।किसानों का आरोप है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को नहर की मरम्मत और सफाई की शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।नतीजतन नहर का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में घुस गया। फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। वहीं नहर विभाग के अधिकारी जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन किसानों में आक्रोश बना हुआ है।

## बैटरी चोरी का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद, रायबरेली। प्रदीप कुमार सिंह पुत्र श्यामसुंदर सिंह निवासी हनुमान नगर राजापुर मजरे कुंवर मऊ ने थाने में तहरीर दी कि उनका ट्रैक्टर बाउंड्री के अंदर खड़ा था। अनिल कुमार पासी पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी पूरे शिवमंगल मजरे कुंवर मऊ ने चोरी से उसकी बैटरी खोल ली। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही आरंभ कर दी है।

# प्रवासी मजदूर की पत्नी और बच्चे लापता,पुलिस से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर . सदर थाना अन्तर्गत विकास खंड नौगढ़ के पटनी जंगल से प्रवासी मजदूर अमरीश पाल की जिंदगी पूरी तरह तहस-नहस हो गई। विदेश में बेहतर भविष्य बनाने के लिए सऊदी अरब गए अमरीश को सूचना मिली कि उनकी पत्नी और दो बच्चे अचानक घर से लापता हैं। अमरीश पाल ने 2011 में जया से शादी की थी। परिवार सामान्य रूप से चल रहा था, लेकिन आर्थिक परेशानियों और बच्चों की अच्छी शिक्षा की चाहत ने उन्हें 2019 में सऊदी अरब में काम करने के लिए मजबूर किया। विदेश में रहते हुए अमरीश ने घर का खर्च भेजा और परिवार की हर जरूरत पूरी की। भारत लौटकर अमरीश ने पटनी जंगल में परिवार के लिए पक्का मकान बनवाया। दिसंबर 2023 में वे दोबारा विदेश चले गए। उन्हें भरोसा था कि परिवार स्थिर है। लेकिन 2025 में उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी कथित तौर पर किसी अन्य युवक के साथ चली गई और बच्चों को भी साथ ले गई। सूचना मिलते ही अमरीश भारत लौटे और पत्नी और बच्चों की तलाश में रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की।

# अविस्मरणीय रहेगा चार साहबजादों का बलिदान

### गुरुद्वारा जटाशंकर में शहीदी समागम, भीषण ठंड में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सोलहवीं शताब्दी का वह क्रूर कालखंड, जब मुगल बादशाह औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे और देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी। उस दौर में धर्म और आस्था की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी से लेकर माता गुजर कौर जी एवं चार साहबजादों ने जिस निर्भीकता, साहस और बलिदान का परिचय दिया, वह न केवल सिख इतिहास बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत है। चार साहबजादों का यह बलिदान युगों-युगों तक अनुकरणीय और अविस्मरणीय रहेगा।उक्त विचार उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य जगनैन सिंह नीटू ने व्यक्त किए। वे मंगलवार को गुरुद्वारा जटाशंकर में चार साहबजादों के बलिदान की स्मृति में आयोजित शहीदी समागम को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।उन्होंने दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज की माता माता गुजर कौर जी एवं चारों साहबजादों के बलिदान की मार्मिक और प्रेरक गाथा का विस्तार से वर्णन किया। उनके ओजस्वी और भावपूर्ण वक्तव्य को सुनकर उपस्थित संगत की आंखें नम हो गईं और वातावरण ह्लजो बोले सो निहालह्व के जयघोष से गूंज उठा। इससे पूर्व गुरुद्वारा जटाशंकर में शहीदी समागम पूरे श्रद्धा, भक्ति और मयार्दा के साथ मनाया गया। भीषण ठंड के बावजूद सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गुरुद्वारा साहिब में उमड़ी रही। संगत सत्संग, पाठ, कीर्तन, कथा और गुरु के लंगर की सेवा में लीन रही। श्रद्धालुओं की भक्ति और गुरु के प्रति निष्ठा देखते ही बन रही थी। शहीदी समागम की शुरूआत सुबह श्री अखंड पाठ साहिब से हुई। हजूरी रागी मनप्रीत सिंह खालसा, अमित सिंह और बेअंत सिंह के जत्थे ने मधुर गुरुबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद भव्य रूप से सुसज्जित गुरुद्वारा साहिब के दीवान हाल में परंपरा के अनुसार सत्संग प्रारंभ हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक चला।इस दौरान गुरुद्वारा मोहद्दीपुर के रागी भाई हरप्रीत सिंह के जत्थे ने गुरुबाणी गायन प्रस्तुत किया। कीर्तन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अमृतसर से पधारे रागी तेजिंदर सिंह जी एवं दलजीत कौर ने अपने रूहानी कीर्तन से संगत को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। तत्पश्चात हेड ग्रंथी ज्ञानी राज सिंह ने अरदास कराई और गुरु के लंगर प्रसाद के वितरण के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।इस अवसर पर गुरु घर के सेवक रहे स्वर्गवासी तेजिंदर अरोड़ा की पुण्यतिथि पर विशेष अरदास कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य जगनैन सिंह नीटू ने किया, जबकि आभार ज्ञापन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जसपाल सिंह ने किया।इस मौके पर उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चौधरी, राष्ट्रीय सहारा के पीयूष बंका, समाजसेविका सुधा मोदी, मैनेजर राजेंद्र सिंह, एकस सिंह मोंटू, हरप्रीत सिंह साहनी, धर्मपाल सिंह राजू, मनप्रीत सिंह उप्पल, डॉ. दीपक सिंह, महेश रतनानी, कुलदीप सिंह नीलू, रविंद्र पाल सिंह पप्पू, गगन सहगल, मोहित अरोड़ा, दलजीत अरोड़ा, मनजीत सिंह, जगदीप सिंह, अमरजीत सिंह मदान, मनमीत मदान, मनजीत सिंह भाटिया, गगन मल्होत्रा, सेवादार सत्य प्रकाश सिंह, परमिंदर सिंह रोबिन, अमर सिंह, मनन सिंह सहित हजारों की संख्या में स्त्री, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता अभिनव ने कान्हा गौशाला में चलाया स्वच्छता अभियानः खिलाया गुड, हरा चारा

अमन लेखनी समाचार



बस्ती / भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिनव उपायाय ने रविवार को नगर पालिका परिषद के परिसर में स्थित कान्हा गोशाला पर स्वच्छता अभियान चलाने के बाद गोवंश को गुड और हरा चारा खिलाया और हरा चारा गौशाला को भेंट किया। कहा कि कडाके की ठंड में कोई गोवंश ठंड और भूख का शिकार न होने पाये।उन्होने युवाओं का आवाहन किया कि वे अपने माता-पिता परिजनों, खुद अपने जन्म दिन व अन्य प्रमुख पर्व त्यौहारों पर गोवंश की सेवा करें। शास्त्रों में भी कहा गया है कि गोवंश की सेवा से पुण्य लाभ के साथ ही जीवन बदलता है।कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार निरन्तर गौशाला की स्थापना और गोवंश की रक्षा की दिशा में प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के सक्रिय लोगों को अपनी भूमिका निभानी होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा कि कान्हा गोशाला में गोवंश के लिये बेहतर व्यवस्था की गई है। कान्हा गोशाला के गोवंश को गुड और हरा चारा खिलाने के दौरान मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, डा. वीरेन्द्र त्रिपाठी, विमल पाण्डेय, अश्विनी अग्रहरि, अजय तिवारी, सचिन मिश्र, नीरज त्रिपाठी, विश्वास चित्रांश, सुधाशु त्रिपाठी, पल्लव श्रीवास्तव आदि ने योगदान दिया।

# छुट्टा पशुओं से कुसहरा गांव के किसान बेहाल, सैकड़ों एकड़ फसल तबाह

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जंगल कौड़िया क्षेत्र के कुसहरा गांव सहित आसपास के लगभग दो दर्जन गांवों के किसान इन दिनों छुट्टा पशुओं के आतंक से बुरी तरह परेशान हैं। सैकड़ों की संख्या में घूम रहे छुट्टा पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को रौंद रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गेहूं, जौ, सरसों, आलू, मटर, दलहन और तिलहन जैसी रबी की प्रमुख फसलें पशुओं के कारण नष्ट हो रही हैं।हालात यह हैं कि किसान दिन-रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं, फिर भी फसलों को पूरी तरह बचा पाना संभव नहीं हो पा रहा है। राप्ती और रोहिन नदियों के बीच तलहटी क्षेत्र में बसे इन गांवों में छुट्टा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।किसान बताते हैं कि बड़े-बड़े झुंड बनाकर पशु खेतों में घुसते हैं और कुछ ही घंटों में पूरी मेहनत पर पानी फेर देते हैं।कुसहरा, आसपास के गांवों में सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसलें अब तक बर्बाद हो चुकी हैं। इससे न केवल किसानों की आय प्रभावित हुई है, बल्कि आने वाले समय को लेकर उनकी चिंता भी बढ़ गई है। स्थानीय किसानों राम सिंह, विजय सिंह, शंभू गौड़, राकेश गुप्ता, संदलू कनौजिया और रामवृक्ष सदई निषाद ने बताया कि वे कर्ज लेकर रबी की फसल की बुवाई करते हैं। बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर भारी खर्च आता है।उम्मीद होती है कि अच्छी पैदावार से कर्ज चुकाकर घर-परिवार की जरूरतें पूरी करेंगे, लेकिन फसल तैयार होने से पहले ही छुट्टा पशु उसे बर्बाद कर देते हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति दिन-प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है। किसानों का कहना है कि रात के समय समस्या और गंभीर हो जाती है।ठंड के बावजूद वे खेतों में अलाव जलाकर, टॉर्च और डंडे लेकर फसलों की रखवाली करते हैं। कई बार पूरी रात जागने के बाद भी पशुओं के झुंड खेतों में घुस जाते हैं।कुछ किसान तो अपने बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों को भी निगरानी में लगा रहे हैं, जिससे पढ़ाई-लिखाई और घरेलू जीवन भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र का दायरा बड़ा होने के कारण व्यक्तिगत स्तर पर फसलों की सुरक्षा करना बेहद कठिन है।एक खेत से पशु भगाने पर वे दूसरे खेत में घुस जाते हैं। सामूहिक प्रयास के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। किसानों में यह भय व्याप्त है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में खेती करना घाटे का सौदा बन जाएगा। किसानों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि छुट्टा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।गौशालाओं की संख्या बढ़ाई जाए, पहले से संचालित गौशालाओं की क्षमता और व्यवस्था में सुधार हो तथा पशुओं को पकड़कर वहां भेजने की नियमित कार्रवाई की जाए।

# सनातन परंपरा ने दी मानवता को एकता की दिशा : प्रान्त संगठन मंत्री

### सरस्वती विद्या मंदिर रामबाग में विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बस्ती / संगठित हिन्दू, समर्थ भारत के संकल्प को सशक्त करने तथा अपने हिन्दू समाज की बंधुता, परस्पर प्रेम, सहयोग एवं स्वाभिमान को जाग्रत करने के उद्देश्य से आज दोपहर नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामबाग बस्ती में अरविन्द बस्ती के एक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, अरविन्द बस्ती के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष श्री महेन्द्र जी ने की। सन्त के रूप में तपसी धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत जयबख्श दास जी महाराज भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री श्रीमान दीपेश जी रहे। कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में राजमाता श्रीमती आशिमा सिंह जी, सेवानिवृत्त मंडल रेल प्रबंधक, बस्ती की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद, स्वस्तिवाचन, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं मंचासीन अतिथियों का परिचय श्री आशीष सिंह जी द्वारा कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित संतों, अतिथियों एवं हिन्दू समाज के प्रबुद्धजनों का सम्मान भी किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमान दीपेश जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन हिन्दू धर्म ही वह जीवन पद्धति है जिसने समाज को जोड़ने, समरसता का भाव जाग्रत करने और ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ण का संदेश पूरे विश्व को दिया है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज की एकता, संगठन और स्वाभिमान ही राष्ट्र की शक्ति का मूल आधार है।एक हिंदू ही है जो नदी, पर्वत, पशु-पक्षी और मानव सब को एक मानता है।हम केवल हिन्दुओं का नहीं, अपितु विश्व के कल्याण का भाव रखते हैं। हम लोगों ने सुना होगा धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो।यदि हम इस पर विचार करते हैं तो विश्व में वह भी देश आते हैं जो हमारे मित्र ही नहीं, शत्रु भी हैं।हम उनके भी कल्याण की कामना करते हैं। अपने उद्बोधन में महंत जयबख्श दास जी महाराज ने कहा कि जब हिन्दू समाज संगठित रहता है, तभी हमारी संस्कृति, परंपरा, पूजा-पद्धति और राष्ट्र सुरक्षित रहते हैं।उन्होंने युवाओं से राष्ट्र व धर्म के प्रति सजग एवं सक्रिय रहने का आह्वान किया। मातृशक्ति के रूप में उपस्थित श्रीमती आशिमा सिंह जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दू एक सभ्यता, एक संस्कृति है। हिन्दू सभी धर्म से श्रद्धा रखता है। उन्होंने हिन्दू धर्म के दस लक्षणों की चर्चा की।उन्होंने आगे कहा कि समाज निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्त्रियों की संख्या कम होना चिंतनीय है,नारी भ्रूण हत्या नहीं होनी चाहिए तथा पुरुष और स्त्रियों का लिंगानुपात समान होना चाहिए।संगठित हिन्दू समाज ही सशक्त एवं समर्थ भारत के निर्माण का आधार है। सम्मेलन में आगत सभी मान्य अतिथियों व अन्य उपस्थित बन्धु झ भगिनियों के प्रति आभार प्रदर्शन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोविंद सिंह ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मन्त्र के साथ हुआ।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ ठाकुरई गुड की बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट गोरखपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक नेहरू इंटर कॉलेज बिछिया कॉलोनी गोरखपुर के सभागार में जिला उपाध्यक्ष डॉ क्षमा पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में संघ की जिला कार्यकारिणी व मंडल कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में संघ के मुख्य प्रांतीय संरक्षक श्रद्धेय जगदीश पांडेय ठुकराई जी सहित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी गण, जनपद व मंडल के पदाधिकारी गण, संगठन के सक्रिय सदस्य गण व इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन पर विचार के दौरान जिला मंत्री डॉ शोभित श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि दिनांक 28 सितंबर 2025 को कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से जिला निर्वाचन का वृहद कार्यक्रम जारी किया गया था। परंतु उसका अनुपालन नहीं हो सका ।ऐसी परिस्थिति में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से एकल पदों पर मनोनयन किया गया और यह भी निर्णय लिया गया कि मनोनीत पदाधिकारियों के सहयोग से शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। मनोनीत पदाधिकारियों में सत्यपाल सिंह जिलाध्यक्ष, डॉ शोभित श्रीवास्तव जिला मंत्री, राम जी बागी जिला कोषाध्यक्ष, सुभाष यादव जिला आय व्यय निरीक्षक, घनश्याम तिवारी महानगर अध्यक्ष, शशांक शेखर सिंह महानगर मंत्री, दुर्गेश दत पाण्डेय मंडल अध्यक्ष, डॉ दयानंद पांडेय मंडल मंत्री बनाए गए। इस बैठक में यह भी बताया गया कि वर्तमान जिलाध्यक्ष हीरा लाल गौड अब सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी पद पर रहते हुए कार्य करेंगे। बैठक में प्रांतीय मंत्री डॉ अजय कुमार पाण्डेय, सदस्य संसदीय समिति जगतारण शरण, सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी देवेंद्र प्रताप सिंह गौतम, जिला उपाध्यक्ष अवनींद्र सिंह, अनंत मौर्य, पन्नेलाल गुप्ता, दिनेश गौतम, राजेंद्र प्रसाद, अशोक तिवारी, संतोष कुमार शर्मा, शैलेश कुमार पाण्डेय, नरेंद्र सिंह, श्रीकांत त्रिपाठी, बाल कृष्ण पांडे, जय प्रकाश यादव, रविन्द्र सिंह, मनीष अग्रहरि, जोगेंद्र प्रताप सहित भारी संख्या में सदस्य, पदाधिकारी एवं सक्रिय शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पिपराईच में इंटर कॉलेज परिसर में छात्र की गोली मारकर हत्या, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।थाना पिपराईच क्षेत्र अंतर्गत स्थित कॉपरेटिव इंटर कॉलेज परिसर में गोली मारकर हत्या जैसी गंभीर घटना घटित होने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर राज करन नय्यर ने तत्काल सख्त कार्रवाई की है। घटना के संज्ञान में आते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा लापरवाही बरतने के आरोप में थाना पिपराईच के हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक श्रेयांश सिंह, बीट प्रभारी कांस्टेबल रामबोध एवं कांस्टेबल अजीत सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में हुई चूक को लेकर की गई है। प्रकरण के संबंध में थाना पिपराईच पर पंजीकृत अभियोग में नामजद दो अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना के पीछे के कारणों, साजिश और अन्य संभावित संलिप्त लोगों की भी गहनता से जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मामले की विवेचना निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से की जाए तथा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 700 करोड़ पार हुई धुरंधर, ऐसा करने वाली साल की पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड में हर साल कई बड़ी फिल्में आती हैं, लेकिन कुछ ही ऐसी होती हैं जो लंबे समय तक सिनेमाघरों में टिककर इतिहास रचती हैं। इन्हीं में से एक नाम बन चुका है फिल्म धुरंधर, जिसने रिलीज के चौथे हफ्ते में भी अपनी रफ्तार बरकरार रखी है। जिस तरह से फिल्म ने लगातार चार शनिवार को शानदार कमाई की है। चौथे हफ्ते के शनिवार को फिल्म ने 20 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया। आमतौर पर इस स्टेज पर फिल्में सीमित स्क्रीन्स और कम शो के साथ संघर्ष करती हैं, लेकिन धुरंधर ने इसके उलट शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ ही फिल्म ने सिर्फ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है और इसी के साथ इस साल ऐसा करने वाली पहली फिल्म भी बन गई है।

## लाइफ Style



# हुमा एलिजाबेथ के किरदार में बिखेरेंगी जलवा

केजीएफ स्टार यश की मच अवेटेड फिल्म टॉक्सिक को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यही कारण है कि फैंस फिल्म के हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी के बाद अब फिल्म से हुमा कुरैशी का फर्स्ट लुक सामने आया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर हुमा कुरैशी के लुक को जारी किया है। इस लुक में हुमा काले कपड़ों में खड़ी नजर आ रही हैं। एक काले रंग की कार के पास हुमा एक मॉडर्न गाउन पहने खड़ी हैं और पोज दे रही हैं। पीछे एक परी की तरह की मूर्ति भी नजर आ रही है। हुमा के लुक को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'पेश है टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में एलिजाबेथ के किरदार में हुमा कुरैशी।'इस लुक में हुमा किसी महारानी की तरह नजर आ रही हैं। उनका लुक उनके किरदार के दमदार होने का सबूत देता है। इससे पहले फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आ चुका है। अभिनेता यश ने ही कियारा आडवाणी के लुक को भी रिवील किया था। इसमें कियारा रैंप पर वॉक करती दिख रही थीं। उन्होंने ऑफ शोल्डर हाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। रैंप वॉक करते हुए वह रो रही थीं। उनके चेहरे पर आंसू के निशान दिख रहे थे। हालांकि उनके पीछे जश्न का माहौल नजर आया था। पोस्टर शेयर करते हुए यश ने कैप्शन में लिखा था 'टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में नादिया के रूप में कियारा आडवाणी।' गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# बोल्ड किरदारों के लिए फेमस थीं

**लॉस एंजिल्स।** यूरोपीय सिनेमा और ग्लैमर की दुनिया से एक युग का अंत हो गया है। फ्रेंच सिनेमा और हॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली दिग्गज अभिनेत्री और गायिका ब्रिजिट बार्डो का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बार्डो सिर्फ एक फिल्म स्टार नहीं थीं, बल्कि वह 20वीं सदी की उन शख्सियतों में शामिल रहीं जिन्होंने सिनेमा, फैशन, महिला स्वतंत्रता और सामाजिक बहसों को नई दिशा दी। 1950 और 60 के दशक में ब्रिजिट बार्डो का नाम ग्लैमर और बोल्डनेस का पर्याय बन गया था।




# वो हॉलीवुड गाना जो बना लाखों दिलों की धड़कन

**लॉस एंजिल्स।** 34 साल के एड शीरन ने अपने गानों से हर जवां दिल पर राज किया है और आज वो इंडियन म्यूजिक लवर्स के लिए किसी आइकॉन से कम नहीं हैं। साल 2014 में सिंगर एड शीरन का गाना 'फोटोग्राफ' रिलीज हुआ था, जिसके लिरिक्स में वो पुरानी यादों और तस्वीरों की बात करते हैं। सिंगर इस सॉन्ग में दर्शाते हैं कि हम अपने अच्छे पलों को तस्वीरों में सजाकर इसलिए रखते हैं, ताकि हम उन्हें दोबारा जी सकें। एड शीरन के इस गाने का एक और वर्जन आज से 10 साल पहले रिलीज किया था, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता द्वारा लिए गए उनकी बचपन की वीडियो को एड किया था। वहीं इस गाने में सिंगर के स्ट्रगल को भी क्लिप के जरिए दिखाया गया था। सॉन्ग 'फोटोग्राफ'को इंडिया में आज भी सालों बाद उतना ही पसंद किया जाता है, जितना साल 2014 में लोगों ने पसंद किया था।



# प्रलय में रणवीर के साथ आएंगी नजर...

**नई दिल्ली।** साल की सबसे कमाऊ फिल्म 'धुरंधर' देने के बाद रणवीर सिंह प्रलय की तैयारी में जुटने वाले हैं। मार्च 2026 में धुरंधर का दूसरा पार्ट आएगा जिसके बाद रणवीर प्रलय की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन हीरोइन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्रलय में रणवीर सिंह के साथ जिस हीरोइन का नाम सामने आ रहा है वो है आलिया भट्ट। जी हां रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अपनी सफल फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (RRKPK) के बाद एक बार फिर साथ काम कर सकते हैं। एक हालिया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म प्रलय में फीमेल लीड रोल के लिए आलिया भट्ट के नाम पर विचार किया जा रहा है, जिसे जय मेहता डायरेक्ट करेंगे।



# अक्षय की जगह दृश्यम-3 में होंगे जयदीप

**मुंबई।** बॉलीवुड में जब भी किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ा विवाद सामने आता है, तो चर्चाओं का बाजार अपने आप गर्म हो जाता है। इन दिनों ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर, जहां कास्टिंग को लेकर दिए गए एक बयान ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। फिल्म के निर्माता कुमार मंगत पाठक के हालिया बयान ने न सिर्फ सुर्खियां बटोरी हैं, बल्कि दो दमदार अभिनेताओं अक्षय खन्ना और जयदीप अहलावत की तुलना को लेकर बहस भी छेड़ दी है। निर्माता कुमार मंगत पाठक ने इस बात की पुष्टि की कि फिल्म दृश्यम 3 में अक्षय खन्ना की जगह अब जयदीप अहलावत नजर आएंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बदलाव को ईश्वर की कृपा बताते हुए जयदीप को अक्षय से बेहतर अभिनेता तक कह डाला।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में तेजस्वी की झलक प्रियंका से ज्यादा रही चर्चा...

**नई दिल्ली।** सीरियल 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। वह इस बार इच्छाधारी नागिन के रोल में नजर आएंगी। इससे पहले के सीजन में नागिन का रोल तेजस्वी प्रकाश ने किया। वहीं सबसे पहले सीजन में मौनी रॉय नागिन के किरदार में दिखी थीं। तेजस्वी और मौनी रॉय को इस किरदार में सबसे ज्यादा पसंद किया गया। हाल ही में जब सीरियल 'नागिन 7' का पहला एपिसोड दर्शकों ने देखा तो लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर से ज्यादा चर्चा तेजस्वी प्रकाश रही। सोशल मीडिया पर 'नागिन 7' के कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें पहले एपिसोड की शुरुआत ही तेजस्वी प्रकाश से होती है। वह नागिन के किरदार में हैं, जो अपने पूरे जीवन को याद करती है। दरअसल, वह घायल है, साथ ही गर्भवती भी है। एक परिवार से मदद मांगती है। फिर एक बच्ची का जन्म होता है, जो आगे चलकर नई नागिन (प्रियंका चाहर) बनेगी। सोशल मीडिया पर फैंस ने जब 'नागिन 7' में तेजस्वी को देखा तो जमकर रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 'यह बात मेकर्स को पता है कि अभी भी नागिन 7 में तेजस्वी प्रकाश की जरूरत है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'तेजस्वी की स्क्रीन प्रेजेंस सच में बहुत शानदार है। उन्हें नागिन के रूप में फिर से स्क्रीन पर देखना बहुत अच्छा लगा। और सच कहूं तो...तेजू हमेशा मेरे लिए 'द नागिन' रहेंगी।' प्रियंका चाहर की एंट्री से पहले ईशा सिंह की एंट्री शो में हुई। वह प्रियंका चाहर के किरदार की बहन के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन क्या वह भी इच्छाधारी नागिन हैं, यह आने वाले एपिसोड में पता चलेगा। लेकिन फैंस ने ईशा की एंट्री को भी पसंद किया है।

# चाचा जी के लिए मुसीबत बना पोपटलाल का छाता

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अबतक आपने देखा कि चाचा जी अभी तक पेड़ पर ही अटके हुए हैं। उन्हें पेड़ से उतारने की हर मुमकिन कोशिश हो रही है, लेकिन किसी का कोई भी आइडिया काम नहीं कर रहा है। बड़ी मुश्किल से टप्पू और उसके दोस्तों का लंबी सीढ़ी का आइडिया काम में आया था, लेकिन इस आइडिया के बीच सांप आ गया। अगले एपिसोड में आप देखेंगे कि चाचा जी को सांप से बचाने के लिए भिड़े पोपटलाल का छाता मांगेगा। वो कहेगा कि पोपटलाल का छाता वो ऊपर फेंका। ये बात सुनते ही पोपटलाल भड़क जाता है। वो कहता है कि वो अपना छाता फेंकने नहीं देगा। इसके बाद भिड़े उसे समझाता की ये छाता वो चाचा दी को देगा ताकि चाचा जी वो छाता खोलकर बैठ जाएं और सांप उन्हें न काट पाए। इसके बाद भिड़े वो छाता चाचा जी को देगा। लेकिन पोपटलाल का ये छाता चाचा जी के लिए और मुसीबत लाएगा।



# निर्माता ने अमिताभ को दिया था अवॉर्ड खरीदने का ऑफर

सदी के महानायक ने कही थी हैरान करने वाली बात

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपनी अदाकारी के अलावा अपने कुछ उसूलों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'खुदा गवाह' के निर्माता मनोज देसाई ने उनसे जुड़ा एक किस्सा साझा किया है। मनोज देसाई ने दावा किया है कि अमिताभ बच्चन को एक बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड खरीदने का ऑफर दिया गया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। विक्की लालवानी से बातचीत में निर्माता मनोज देसाई ने यह खुलासा किया।

### अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते

बातचीत में मनोज देसाई ने कहा, 'एक बार मैं और अमिताभ बच्चन अवॉर्ड फंक्शन के दौरान साथ बैठे थे। रऊफ अहमद (दिवंगत फिल्म लेखक) मेरे पास आए और मुझसे पूछा, 'अगर मैं अमिताभ बच्चन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दूं, तो क्या तुम इस पार्टी का पूरा खर्च उठाओगे?' मैंने यही बात अमिताभ बच्चन से पूछी। इस पर उन्होंने मुझसे कहा अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते।





### धर्मेंद्र ने भी नहीं खरीदा अवॉर्ड

मनोज देसाई ने दावा किया कि धर्मेंद्र भी अमिताभ बच्चन की तरह अवॉर्ड न खरीदने के सिद्धांत पर चलते थे। उन्होंने कहा, 'धर्मेंद्र ने भी ऐसे ऑफर को मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह कोई अवॉर्ड नहीं खरीदेंगे। जब उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला था, तब उन्होंने अपनी स्पीच में कहा था कि उन्हें अपनी कई पिछली फिल्मों के लिए अवॉर्ड मिलने चाहिए थे, लेकिन उन्हें वे अवॉर्ड नहीं दिए गए।'

### बिग बी का वर्कफ्रंट

मुकुल एस आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'खुदा गवाह' में श्रीदेवी ने डबल रोल किया था। इसमें शिल्पा शिरोडकर और नागार्जुन अहम किरदार में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। अमिताभ बच्चन को आखिरी बार तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' में देखा गया था। वह अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का हिस्सा होंगे।

# *लगातार बढ़ रहे हैं फिल्मों की टिकटों के दाम : माधुरी*

*नई दिल्ली। कोविड के बाद से ये देखा जा रहा है कि सिनेमाघरों से जनता धीरे-धीरे दूरी बना रहे हैं। जिसकी वजह थिएटर्स में फिल्मों की टिकटों के बढ़ते दाम हैं। जो फिल्म अच्छी होती हैं, उन्हें देखने के लिए भारी तादाद में बेशक लोग पहुंचते हैं, लेकिन अगर किसी मूवी को लेकर उनके मन में द्वंद्व है तो वह पैसा बचाने के लिए उसकी ओटीटी रिलीज का इंतजार करते हैं। हाल ही में माधुरी दीक्षित वेब सीरीज मिसेज देशपांडे में नजर आई हैं, जिसको लेकर उनका नाम फिलहाल चर्चा में बना हुआ है। इस बीच माधुरी ने एक इंटरव्यू में फिल्मों की टिकटों के बढ़ती कीमतों को लेकर खुलकर बात की है और कहा है 'अगर फिल्म की कहानी अच्छी है तो वह हर हाल में चलेगी और लोग उसे देखने के लिए थिएटर्स में पहुंचेंगे। इस आधार पर ये कहा जा सकता है कि फिल्में चल नहीं रही हैं, लेकिन सही मायनों में देखा जाए तो टिकटों के दाम काफी ज्यादा है।*



*परिवार को सिनेमाघरों में एक फिल्म देखने के लिए अपना बजट बनाना पड़ता है। इस वजह से वे ध्यान से सोचते हैं कि कौन सी मूवी देखनी चाहिए और कौन सी नहीं। हालांकि, ओटीटी भी इसमें अहम भूमिका अदा करता है। अब जनता को घर बैठे ऑनलाइन एंटरटेनमेंट मिल रहा है और वीकेंड में लोग सिनेमाघरों से ज्यादा घर पर बैठकर ओटीटी पर फैमिली के साथ मनोरंजन का आनंद लेते हैं। कभी भी किसी भी समय पर ओटीटी पर फिल्म और सीरीज आसानी से देखने को मिल जाती हैं।' इस तरह से माधुरी दीक्षित ने फिल्मों की टिकटों की बढ़ती कीमतों लेकर अपनी राय रखी है और बताया है कि किस तरह से सिनेमा जगत को प्रभावित कर रहा है। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज मिसेज देशपांडे को हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन रिलीज किया गया है।*

## रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों ने दर्शकों को बांधे रखा सिनेमाघरों में

# साल 2025 में इन 6 हॉरर फिल्मों ने जमकर डराया

***नई दिल्ली।*** *साल 2025 हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक शानदार साल साबित हुआ। इस साल रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों और पुरानी हिट फ्रेंचाइजी की वापसी ने सिनेमाघरों में खौफ का जबरदस्त माहौल बनाए रखा। पर्दे पर सिर्फ भूत-प्रेत ही नहीं, बल्कि दिमाग घुमा देने वाले साइको-थ्रिलर और लोककथाओं पर आधारित अलौकिक शक्तियों का ऐसा टशन देखने को मिला, जिसने दर्शकों को कुर्सी छोड़ने नहीं दी। साल 2025 डर और रोमांच के नाम रहा. जहां हॉरर जॉनर ने बॉक्स ऑफिस से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक अपनी धाक जमाई। इस साल दर्शकों को सिर्फ डराया ही नहीं गया, बल्कि रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों से उन्हें सिनेमाघरों में बांधे रखा गया। खासकर साउथ इंडियन सिनेमा ने अपनी लोककथाओं और पुरानी रस्मों-रिवाजों को जिस तरह हॉरर के साथ पिरोया, उसने दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्सुकता पैदा की।*

**छोरी 2 :** साल 2025 की शुरुआत में 11 अप्रैल 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई 'छोरी 2' से हुई। नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर इस सीक्वल ने पहले पार्ट की तरह अलौकिक तत्वों और साइलॉजिकल डर से दर्शकों को बांधे रखा। बेटी को बचाने के लिए मां की लड़ाई और भयावह शक्तियों का सामना करने वाली कहानी ने खूब सराहना बटोरी। यह फिल्म हॉरर में सोशल मैसेज को जोड़ने के लिए जानी गई।

**द भूतनी :** 1 मई को थिएटर्स में आई 'द भूतनी'. संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी स्टारर यह हॉरर-कॉमेडी कॉलेज कैंपस में वर्जिन ट्री पर रहने वाली भूतनी की कहानी पर आधारित थी। हंसाती और डराती इस फिल्म ने हल्का-फुल्का मनोरंजन दिया, हालांकि कुछ ने इसे हॉरर से ज्यादा कॉमेडी बताया।

**मां :** काजोल की 'मां' 27 जून को रिलीज हुई। यह माइथोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी, जिसमें काजोल एक मां बनीं, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए देवी काली का रूप धारण करती है। डेमोनिक कर्स और गांव की लोककथाओं पर आधारित यह फिल्म मदरहुड और सुपरनैचुरल का मिश्रण थी। काजोल की परफॉर्मेंस की तारीफ हुई।



**बारामूला :** 7 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'बारामूला'। मानव कौल और भाषा सुम्बली स्टारर यह सुपरनैचुरल थ्रिलर कश्मीर के बारामूला में बच्चों के गायब होने की जांच पर आधारित थी। पुलिस ऑफिसर के घर में छुपे राज और कश्मीरी पंडित से इंस्पायर्ड तत्वों ने इसे इमोशनल डेप्थ दी. अलग स्टोरीलाइन और रोंगटे खड़े करने वाले सीन ने इसे स्पेशल बनाया।

**डाइस इरा :** हैलोवीन पर 31 अक्टूबर को थिएटर्स में आई मलयालम हॉरर थ्रिलर 'डाइस इरा'। प्रणव मोहनलाल स्टारर यह फिल्म राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी। एक अमीर आर्किटेक्ट की जिंदगी में सुपरनैचुरल घटनाओं की कहानी ने दर्शकों को रोमांचित किया। बाद में 5 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई यह फिल्म साल की सबसे सफल हॉरर फिल्मों में शुमार हुई।

**थामा :** इसके अलावा 'थामा' जैसी हॉरर फिल्म ने भी साल 2025 में सिनेमाघरों में जमकर जलवा बिखेरा. आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म में भी हल्के अंदाज में हॉरर पुट देखने को मिले। इस हॉरर-कॉमेडी मूवी को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।